राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 125, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 20 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने के आश्वासन पर अनिल चौधरी का आमरण खत्म .... पेज 03

देश-धर्म की रक्षा की प्रेरणा देता है सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान : योगी .... पेज 05

हेड के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने जीता छठी बार विश्वकप का खिताब .... पेज 07

# उत्तरकाशी टनल में 50 घंटे बाद ड्रिलिंग फिर शुरू

### सुरंग में रुकावट का पता लगाएगा रोबोट, 8 दिन से फंसे हैं 41 मजदूर

उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में टनल धंसने से 41 मजदूर 8 दिन से फंसे हैं। सिलक्यारा की ओर से शुक्रवार दोपहर 2 बजे से बंद पड़ी ड्रिलिंग रविवार शाम चार बजे यानी 50 घंटे बाद फिर से शुरू हो गई।

यहां से खाना अंदर भेजने के लिए एक और छोटा पाइप ड्रिल किया जा रहा है। यह रविवार शाम चार बजे तक 42 मीटर ड्रिल हो चुका है।

अब ड्रिलिंग में आ रही रुकावट का पता लगाने के लिए रोबोट की भी मदद ली जाएगी। इससे पहले रविवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में एक्सपर्ट्स के साथ बैठक की और टनल के अंदर जाकर रेस्क्यू ऑपरेशन भी देखा। उन्होंने अंदर फंसे लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें आश्वासन दिया।

रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे मिनिस्ट्री में सेक्रेटरी अनुराग जैन ने कहा है, अंदर फंसे मजदूरों को मल्टी विटामिन, ड्राई फ्रूट्स और एंट्री डिप्रेशन दवाएं दी जा रही हैं।

अच्छी बात यह है कि टनल के अंदर जहां मजदूर फंसे हैं, वहां बिजली सप्लाई है। इधर, सिल्कयारा टनल में वर्टिकल ड्रिलिंग यानी ऊपरी सतह से ड्रिलिंग की जानी है।

इसके लिए पुणे और हॉलैंड से मशीनें मंगाई गई हैं। ये मशीन चिल्यानीसौड़ हवाई पट्टी पर एयरलिफ्ट करके लाई जाएगी। यह सिल्कयारा से 50 किलोमीटर दूर है।

वहीं, टनल को सिक्योर करने के लिए रेलवे ने रविवार सुबह एक और मशीन ऋषिकेश से मंगवाई है। यह टनल में मलबा गिरने से रोकने का काम करेगी।



हादसा 12 नवंबर की सुबह 4 बजे हुआ था। टनल के एंट्री पॉइंट से 200 मीटर अंदर 60 मीटर तक मिट्टी धंसी। इसमें 41 मजदूर अंदर फंस गए। रेस्क्यू के दौरान टनल से और पत्थर गिरे जिसकी वजह से मलबा कुल 70 मीटर तक फैला गया। टनल के अंदर फंसे मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हैं।

# चंडीगढ़ एयरपोर्ट के बाहर लिखे खालिस्तानी नारे

मोहाली। भारत सरकार की हिट लिस्ट में दाखिल और खालिस्तानी समर्थक सिख फॉर जस्टिस (स्न्नछ्व) आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अब मोहाली स्थित चंडीगढ़ एयरपोर्ट के बाहर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लिखवा दिए। पन्नू ने इसका वीडियो भी जारी किया है। इतना ही नहीं उसने आज से एयर इंडिया की फ्लाइट्स का बायकॉट करने का ऐलान भी किया।

आतंकी पन्नू ने धमकी देते हुए कहा कि स्न्नछ्व की अमृतसर-अहमदाबाद-दिल्ली हवाई अड्डों तक पहुंच है। सिख राष्ट्र के हितों की रक्षा के लिए 19 नवंबर के बाद एयर इंडिया से उड़ान न भरें क्योंकि इससे भविष्य की सिख पीढ़ियों को खतरा होगा।

कुछ दिन पहले भी आतंकी पन्नू ने वीडियो जारी की थी। जिसमें उसने कहा था कि 19 नवंबर को एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रा न करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो आपकी जान को खतरा हो सकता है। पन्नू ने 19 नवंबर को दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद करने की धमकी दी थी।

# राजस्थान : ट्रक से टकराई पुलिस वैन, 6 की मौत

### प्रधानमंत्री मोदी की सभा में ड्यूटी के लिए झुंझुनूं जा रहे थे, 1 की हालत गंभीर



#### जान बचाने के लिए बनाया 144 किमी का ग्रीन कॉरिडोर

एंबुलेंस के ड्राइवर संजय कुमार और ईएमटी अनील कुमार ने बताया कि हादसे के बाद दोनों घायलों को नागौर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दो एंबुलेंस में वेंटिलेटर पर जोधपुर के लिए रवाना किया गया और जल्दी जोधपुर पहुंचने के निर्देश थे। नागौर से जोधपुर एमडीएम हॉस्पिटल की दूरी 144 किलोमीटर है। एंबुलेंस को 120 की स्पीड में चलाया। एंबुलेंस के आगे पुलिस की 2 से 3 गाड़ी चल रही थी, जो रूट को ग्रीन कॉरिडोर में बदल रही थी।

चूरू। वीआईपी ड्यूटी के लिए झुंझुनूं जा रहे पुलिसकर्मियों की गाड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे में 6 पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 1 घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसा चूरू जिले के सुजानगढ़ सदर थाना इलाके में हुआ। जानकारी के अनुसार नागौर के खींवसर थाने के 6 पुलिसकर्मियों और महिला थाने के एक पुलिसकर्मी की ड्यूटी पीएम मोदी की झुंझुनूं में होने वाली सभा में लगी थी। सभी लोग जायलो गाड़ी में झुंझुनूं जा रहे थे। इस दौरान नेशनल हाईवे 58 पर सुजानगढ़ सदर थाने की कानूता चौकी के पास उनकी गाड़ी ट्रक से टकरा गई। सुबह 5.30 बजे हुए हादसे में गाड़ी का आगे का हिस्सा पूरी तरह बिखर गया और सभी पुलिसकर्मी अंदर फंस गए। एक्सीडेंट में घायल पुलिसकर्मियों को घटनास्थल से जोधपुर तक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर जोधपुर रवाना किया गया, लेकिन रास्ते में एक ने दम तोड़ दिया।

मौके पर मरने वाले पुलिसकर्मियों की पहचान खींवसर थाने के एएसआई रामचंद्र, कॉन्स्टेबल कुंभाराम, सुरेश मीणा, थानाराम और महिला थाने के कॉन्स्टेबल महेंद्र के रूप में हुई है। हादसे में खींवसर थाने के हेड कॉन्स्टेबल सुखाराम और कॉन्स्टेबल सुखाराम घायल हो गए, जिनको जोधपुर रेफर किया गया। जोधपुर ले जाते समय कॉन्स्टेबल सुखाराम ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतकों के शव कानूता सीएचसी में रखवाए हैं। डीजीपी उमेश मिश्रा ने हादसे की जानकारी ली है और दुख व्यक्त किया है।

## डूबते सूर्य को छठ व्रतियों ने दिया अर्घ्य

पटना। लोक आस्था का महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान का आज तीसरा और विशेष दिन है। छठ महापर्व करने वाले व्रतियों ने छठ घाटों पर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान बिहार के अलग-अलग छठ घाटों पर आस्था का श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। राजधानी पटना के गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। अर्घ्य के दौरान छठ व्रती हाथों में फल और प्रसाद से भरा दउरा-सूप लेकर भगवान भास्कर की उपासना की। इधर, छठ के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने आवास पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। साथ ही छठी मइया से देश एवं प्रदेशवासियों के लिए सुख और समृद्धि की कामना की। सोमवार यानी कल उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर संतान और परिवार के लिए मंगल की कामना करेंगी। इसके साथ ही चार दिनों के महापर्व का समापन हो जाएगा। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के छठे दिन शाम को सूर्य की अंतिम किरण प्रत्युषा को अर्घ्य देकर नमन किया जाता है। माना जाता है कि छठ में संध्या समय सूर्य को अर्घ्य देने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। साथ ही लंबी आयु की भी प्राप्ति होती है।

# उन्नाव में करंट से 4 भाई-बहनों की मौत

### घर के बाहर खेल रहे थे; फर्राटा पंखे से एक के बाद एक चिपके

**उन्नाव।** उन्नाव में पंखे में करंट उतरने से एक एक कर 4 बच्चों की मौत हो गई। बताया जाता है कि घर के बरामदे में रखे पंखे में करंट आ रहा था। जिसकी चपेट में एक बच्चा आया, फिर उसे बचाने के चक्कर में एक-एक कर चारों चिपक गए। हादसा बारासगवर थाना क्षेत्र के लालमन खेड़ा गांव का है। लालमन खेड़ा के रहने वाले वीरेंद्र कुमार के घर के बाहर एक फर्राटा पंखा लगा है। रविवार शाम फर्राटा पंखे के पास में खेल रहे उनके एक बच्चे ने उसे छू लिया। करंट होने की वजह से वह पंखे की चपेट में आ गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर पास में मौजूद तीन और बच्चे वहां पहुंच गए, जिससे वे भी पंखे की चपेट में आ गए। करंट लगने से चारों की मौके पर ही मौत हो गई।

#### सभी बच्चों की उम्र 4 से 9 साल के बीच

मृतक बच्चों में मयंक (9), हिमांशी (8), हिमांक (6) और मानसी (4) शामिल हैं। बताया जा रहा है सभी आपस में सगे भाई-बहन हैं। चारों के शव देख परिजन बेहोश होकर गिरते रहे। मोहल्ले के लोग जब उनके घर पहुंचे, तो उनका भी रो-रोकर बुरा हाल



हो गया। हादसे की जानकारी बारासागर थाना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष दिलीप प्रजापति ने घटनास्थल पहुंच कर जांच पड़ताल की।

#### घटना के समय माता-पिता खेतों पर थे

बताया जा रहा है कि घटना के दौरान बच्चों के माता-पिता गांव से बाहर मजदूरी पर धान की फसल काटने गए थे। पड़ोस का एक युवक इसी रास्ते से गुजरा तो चारों बच्चों को जमीन पर पड़ा देखा। उसने पंखे को बंद किया और बच्चों को छूकर देखा तो सभी की सांसें थम चुकी थीं। इसके बाद वो खेतों पर दौड़कर गया और बच्चों के परिजनों को सूचना दी। चारों बच्चों की मौत के अब परिवार में कोई भी संतान नहीं बची है।

#### पुलिस ने सभी के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

घटना की सूचना पर पहुंची बारासगवर थाना पुलिस जांच पड़ताल के बाद चारों मृतक भाई-बहनों के शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा कर मॉर्चरी भेजे गए हैं। डीएम की अनुमति के बाद रात में ही पोस्टमॉर्टम कराने की तैयारी है। घटना को लेकर सीओ सिटी आशुतोष कुमार ने बताया कि चारों बच्चों की करंट लगने से मौत की बात सामने आई है। पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतकों में सगे 2 भाई और 2 बहनें हैं। शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### असम में अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़

# मणिपुर के पांच ड्रग तस्कर गिरफ्तार; 2.5 करोड़ कीमत की हेरोइन बरामद



#### अलग-अलग ऑपरेशन के दौरान की गई गिरफ्तारी

गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त के अनुसार, पहले ऑपरेशन में मणिपुर से तीन ड्रग तस्करों को पकड़ा है। जबकि बाद में इंफाल पश्चिम से दो और सेनापति जिले से एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। दिगंता बराह ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान उनकी टीम ने हेरोइन से भरे 24 साबुन के डिब्बे बरामद किए। जिसका वजन लगभग 280 ग्राम था। उनसे पूछताछ जारी है और जरुरी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गुवाहाटी। गुवाहाटी पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो महिलाओं सहित पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों के पास से लगभग 2.5 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई है। समाचार एजेंसी ने अधिकारी के हवाले से बताया कि इस मामले में एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है, जो मुख्य आरोपी है। वह तस्करों को ड्रग पहुंचाता था। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त दिगंता बराह ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार रात शहर के अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की गई थी। इस दौरान उन्होंने दो महिलाओं समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

## टीकमगढ़ जिले में सड़क हादसा, चार लोगों की मौत

टीकमगढ़। टीकमगढ़ जिले के बुडेरा थाना क्षेत्र में रविवार शाम भीषण सड़क हादसा हो गया। दो बाईकों की आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल है। हादसा मूड़ीखेरा गांव के पास हुआ। चारों मृतकों के शवों को जिला अस्पताल लाया गया है। महिला को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया है। बुड़ेरा थाने के ग्राम मूडीखेरा के पास आज शाम दो बाइक की भिडंत में चार लोगों की मौत हो गई। इसमें एक महिला की हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी रेफर कर दिया है।

# यमुनानगर में ट्रकों में आग से जिंदा जले 2 ड्राइवर

### जगाधरी-पांवटा साहिब एनएच पर हादसा; एक में रोड मिक्चर, दूसरे में भरे थे आलू-गैस सिलेंडर

एजेंसी

यमुनानगर। हरियाणा के यमुनानगर में बीती रात बड़ा दर्दनाक हादसा हुआ। जगाधरी-पांवटा साहिब नेशनल हाईवे पर भीलपुरा के पास दो ट्रकों की जबरदस्त टक्कर हो गई। इसके दोनों ट्रकों में आग लग गई और इनके ड्राइवर जिंदा जल गए। सूचना के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची।

ट्रकों के केबिन से दोनों ड्राइवरों के कंकाल रूपी शव मिले हैं। हादसे को लेकर पुलिस की छानबीन जारी है। हादसे के बाद नेशनल हाइवे पर जाम लग गया। वाहनों को डायवर्ट करना पड़ा।



मिली जानकारी के अनुसार छछरौली की ओर से आ रहे मिक्चर प्लांट की गाड़ी (ट्रक) की सामने से आ रहे एक ट्रक के साथ भिड़ंत हो गई। ट्रकों के ड्राइवर केबिन में फंस गए। उनको बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। इसी बीच दोनों ट्रकों में आग लग गई। दोनों ट्रकों के ड्राइवर ही आग की चपेट में आ गए। दोनों ड्राइवरों की अभी पहचान नहीं हो पायी है।

बताया जा रहा है की मिक्चर प्लांट का ट्रक की जिस दूसरे ट्रक से टक्कर हुई उसमे आलू और अन्य सामान भरा हुआ था। साथ ही उसमें एक गैस सिलेंडर भी था। इससे आग आग भयानक रूप ले गई। हादसे के बाद नेशनल हाइवे पर जाम लग और बड़ी संख्या में वाहन फंस गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर वाहनों को डायवर्ट कर दूसरे रास्तों से निकाला।

फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर ट्रकों में लगी आग बुझाई। तक तब इनमें फंसे दोनों ड्राइवर बुरी तरह से जल गए थे। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। छछरौली थाना प्रभारी जगदीश चंद्र मौके पर पहुंचे और छानबीन की। जिंदा जले दोनों ट्रकों के ड्राइवरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सवाल

### मनी लॉन्ड्रिंग केस : तमिलनाडु के मंत्री सेन्थिल बालाजी को मंत्री पद से हटाने की मांग

# क्या जेल में बंद व्यक्ति मंत्री बना रह सकता है, सुप्रीम कोर्ट के सामने बड़ा सवाल

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में फिर ये सवाल पहुंचा है कि क्या गिरफ्तार हुआ, जेल में बंद व्यक्ति मंत्री बना रह सकता है। इस बार मामला मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं तमिलनाडु के मंत्री सेन्थिल बालाजी को मंत्री पद से हटाने की मांग का पहुंचा है। मद्रास हाई कोर्ट से सेंथिल बालाजी को मंत्री पद से हटाने का आदेश न मिलने के बाद याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर उन्हें हटाने की मांग करते हुए हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

सुप्रीम कोर्ट अगर इस मामले में विस्तृत सुनवाई कर फैसला देता है तो भविष्य के लिए ऐसे मामलों में व्यवस्था तय हो जाएगी और गिरफ्तारी और जेल के बावजूद व्यक्ति को बिना पोर्टफोलियो के मंत्री बनाए रखने की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगेगी।

#### जेल जाने के बाद भी कई मंत्री पदों पर रहे काफी दिनों तक बरकरार

सेंथिल बालाजी से पहले महाराष्ट्र में नबाब मलिक और दिल्ली में सत्येन्द्र जैन जैसे कई मामलों में जेल जाने के बावजूद मंत्री पद काफी दिनों तक



बरकरार रखा गया था। जबकि सरकारी कर्मचारियों के मामले में गिरफ्तारी के बाद स्वत-निलंबित होने का कानूनी प्रविधान है।

न्यायिक हिरासत में जेल में बंद तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को मंत्री पद से हटाने की मांग करने वाले याचिका में कहा गया है कि राज्यपाल सेंथिल बालाजी के बिना पोर्टफोलियो के मंत्री बनाए रखने से सहमत नहीं थे। लेकिन राज्य सरकार ने बालाजी के मंत्रालय उनके खराब स्वास्थ्य को देखते हुए दूसरे मंत्रियों को पुर्नआवंटित कर दिया और उन्हें बिना पोर्टफोलियो के मंत्री बना रहने दिया।

#### अनुच्छेद 154 व 163 तहत मंत्रियों को हटाने का प्रावधान

इसके बाद राज्यपाल की ओर से 29 जून को पत्र जारी कर सेंथिल बालाजी को तत्काल प्रभाव से मंत्री पद से हटा दिया। राज्यपाल ने ऐसा संविधान के अनुच्छेद 154 व 163 में मिली शक्तियों के तहत ऐसा किया। याचिका में कहा गया है कि उसी दिन देर रात राजभवन से एक और पत्र जारी हुआ जिसमें सेंथिल बालाजी को तत्काल प्रभाव से पद से हटाने के आदेश को फिलहाल टाल दिए जाने की बात कही गई और कहा गया कि गृहमंत्रालय को एडवोकेट जनरल से राय लेने की सलाह दी गई है। याचिका में कहा गया है कि ऐसा करना मनमाना, अवैधानिक और संविधान के खिलाफ है, राज्यपाल अपना आदेश वापस नहीं ले सकते क्योंकि यहां पर वह पदेन अधिकारी है।

# इंफाल एयरपोर्ट के पास दिखी उड़ने वाली संदिग्ध चीज, 2 उड़ानें डायवर्ट

एजेंसी

मणिपुर। इंफाल के वीर टिकेंद्रजीत इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास हवाई क्षेत्र में रविवार को अज्ञात मानव रहित हवाई वाहन/ड्रोन दिखाई दिया। इसके बाद हवाई अड्डे पर उड़ानों का संचालन बंद कर दिया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, कल दोपहर 2:30 बजे इन हवाई वाहनों का पता चला है। ऐसे में इंफाल से आने-जाने वाली कुछ फ्लाइट्स की आवाजाही प्रभावित हुई।

मणिपुर की राजधानी आने वाली दूसरी उड़ानों को वापस लौटा दिया गया या फिर उन्हें दूसरे रास्तों की ओर मोड़ने का फैसला हुआ। फ्लाइट ऑपरेशन



के निलंबन पर इंफाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निदेशक चिपेम्मी कीशिंग ने बयान जारी करके अधिक जानकारी दी।

उन्होंने कहा, इंफाल नियंत्रित हवाई क्षेत्र के भीतर उड़ने वाली कोई अज्ञात वस्तु के देखी गई।

इसके बाद 2 फ्लाइट्स को डायवर्ट कर दिया गया और 3 उड़ानों में देरी हुई। उन्होंने यह भी बताया कि अथॉरिटी से क्लियरेंस मिलने के बाद दोबारा फ्लाइट ऑपरेशन्स शुरू हो गए हैं।

#### दोपहर 2.30 बजे हवाई क्षेत्र में दिखी संदिग्ध चीज

एयर ट्रैफिक कंट्रोल के अधिकारी ने बताया कि दोपहर 2.30 बजे सीआईएसएफ से मैसेज मिला, जिसमें कहा गया कि हवाई अड्डे के पास यूएफओ दिखा है।

उन्होंने कहा, शाम 4 बजे तक यूएफओ हवाई क्षेत्र के पश्चिम की ओर बढ़ता दिखाई दिया। इसके बाद शिलांग स्थित भारतीय वायु सेना की पूर्वी कमान को घटनाक्रम की जानकारी दी गई।

## शार्ट न्यूज

### कांग्रेस ने पीएम मोदी पर लगाया हेट स्पीच का आरोप, चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली/ जयपुर।** (पी एम ए) राजस्थान में चुनाव प्रचार उस दौर में पहुंच गया है जहां ऐसी भाषा का प्रयोग किया जा रहा है जिसे हर कोई सुन कुछ ना कुछ कहने का मजबूर हो जाता है। ऐसे में कांग्रेस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजस्थान में नफरत फैलाने वाला भाषण देने का आरोप लगाया है। मीडिया रिपोटर्स की माने तो बाढ़मेर में पीएम ने कहा था की कमल का ऐसे बटन दबाओं जैसे इनकों फांसी दे रहे हो। ऐसे में कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पीएम मोदी ने जनता से वोट मांगते हुए कहा था कि कमल का बटन ऐसे दबाना जैसे कांग्रेस को फांसी दे रहे हो। इसको लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री के भाषण का हवाला दिया और कहा कि राज्य के लोग निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के ऐसे अहंकार का जवाब देंगे। जयराम ने लिखा, प्रधानमंत्री मोदी की कांग्रेस नेताओं के प्रति घृणा का सहज अंदाज़ा उनके इस बयान से लगाया जा सकता है। प्रधानमंत्री जैसे ज़िम्मेदार पद पर बैठा कोई व्यक्ति वोट के ज़रिए फांसी देने की बात कैसे कर सकता है। प्रधानमंत्री लोकतंत्र का गला घोट रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह हेट स्पीच का स्पष्ट उदाहरण है।

### हिमाचल की तीन महिलाएं हरियाणा में उड़ा रहीं ड्रोन

शिमला। हिमाचल प्रदेश की तीन महिलाएं हरियाणा के मानेसर में ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण ले रही हैं। यह प्रशिक्षण 16 से 30 नवंबर तक होगा। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद दिसंबर माह की शुरुआत से प्रदेश में ड्रोन की खेप भी जारी होगी। इससे महिलाएं खेतों व बगीचों में कीटनाशक व खाद का ड्रोन से छिड़काव करेंगी। जानकारी के अनुसार इफको की ओर संचालित ड्रोन उड़ाने के प्रशिक्षण में चयनित महिलाओं में दो मंडी जिला की रहने वाली हैं। हिमाचल के राज्य विपणन प्रबंधक, इफको भुवनेश पठानिया ने बताया कि चयनित लोगों में सबसे पहले तीन महिलाओं को ट्रेनिंग के लिए भेजा गया है। इसके बाद दिसंबर में अन्य उम्मीदवारों का प्रशिक्षण भी होगा। प्रशिक्षण पाने वालों को क्रमवार तरीके से ड्रोन और इलेक्ट्रिक वाहन दिए जाएंगे। कृषि और बागवानी में इस मुहिम के शानदार परिणाम सामने आएंगे। इनमें एक महिला करसोग की रहने वाली जीनत व दूसरी बल्ह घाटी की आरती हैं। सिरमौर जिला के पांवटा साहिब की माजरा सोसाइटी में निवासी परमजीत कौर भी इस प्रशिक्षण में हिस्सा ले रही हैं। इन तीन महिलाओं को हरियाणा के मानेसर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसे पूरा करने के बाद सभी महिलाओं को दिसंबर माह में ड्रोन भी दिए जाएंगे, जिसके लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।

### वाल्मिकी बोया जाति को एससी सूची में शामिल किया जाएगा : केसीआर

जोगुलाम्बा गडवाल। तेलंगाना के मुख्यमंत्री व भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने रविवार को आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार वाल्मिकी बोया जाति को अनुसूचित जाति (एसटी) सूची में जोड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। इस जिले के आलमपुर में आयोजित 'प्रजा आशीर्वाद सभा' नामक एक चुनावी बैठक में बोलते हुए, श्री केसीआर ने लोगों से वोट बुद्धिमानी से उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने पालमुरु में प्रवासन पैटर्न में बदलाव पर विचार करते हुए कहा कि एक समय इस क्षेत्र से महत्वपूर्ण प्रवासन हुआ करता था, अब अन्य राज्यों के लोग तेलंगाना की ओर पलायन कर रहे हैं। केसीआर ने पिछले 50 वर्षों में कांग्रेस पार्टी के कार्यों की आलोचना की और इंदिराम्मा के शासनकाल के दौरान सामना की गई कठिनाइयों को याद किया, जहां भूख के कारण मौतें हुई। उन्होंने लोगों के जीवन को बाधित करने वाले कांग्रेस शासन को वापस लाने की आवश्यकता पर सवाल उठाया। केसीआर ने बीआरएस सरकार के तहत खेतों को 24 घंटे बिजली प्रदान करने और कृषि विकास का समर्थन करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें राजोलीबंदा डायवर्जन योजना (आरडीएस) पर लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण भी शामिल है, जिससे हजारों एकड़ जमीन को फायदा होगा।

### डाका डालने के मामले में पिता-पुत्री गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल जिले के कालाढूंगी में पुलिस ने पिता-पुत्री की अनोखी जोड़ी को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी अभी तक कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीएस मीणा के अनुसार विगत 14 नवंबर को कालाढूंगी में चोर दिनदहाड़े एक दुकान में गल्ला का ताला तोड़ कर चोर 1.10 लाख रुपये लेकर फरार हो गये थे। पीड़ित विजेन्द्र सिंह बोरा की ओर से 17 नवंबर को घटना के संबंध में तहरीर कालाढूंगी थाना में दी गयी। कालाढूंगी के थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत की अगुवाई में तत्काल एक टीम का गठन किया गया। टीम ने सबसे पहले घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। पुलिस को सीसीटीवी में स्कार्प से चेहरा ढके एक लड़की दोपहर में दुकान गल्ला का ताला तोड़ते हुए दिखायी दी।इसके बाद वह दुकान के बाहर पहले से खड़े एक मोटर साइकिल सवार के साथ फरार हो गयी। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी। ऊधमसिंह नगर के बन्नाखेड़ा, बाजपुर, दोराहा, काशीपुर एवं जसपुर क्षेत्र में दोनों की तलाश की गयी। आखिरकार पुलिस टीम को आज सफलता हाथ लगी और दोनों आरोपियों योगेन्द्र सिंह चौधरी और उसकी पुत्री लक्ष्मी निवासी ग्राम किर्तो नांगल, थाना कोतवाली, बिजनौर, उप्र को आज बैलपड़ाव क्षेत्र में बैतखेड़ी से गिरफ्तार कर लिया गया।

### नशे में पाए गये सैक्टर ऑफिसर निलंबित

झुंझुनूं। राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव में होम वोटिंग कार्य में लापरवाही बरतने पर झुंझुनूं जिले में खेतड़ी के सैक्टर ऑफिसर डॉ. सुशील कुमार दौचानिया को निलंबित कर दिया गया है। झुंझुनूं के जिला निर्वाचन अधिकारी बचनेश अग्रवाल ने बताया कि डॉ. दौचानिया को खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र सैक्टर ऑफिसर नियुक्त किया गया था। होम वोटिंग के दौरान 17 नवंबर को मतदान दलों की रवानगी के समय वे नशे में पाए गए थे। इस पर खेतडी रिटर्निंग अधिकारी ने उन्हें सख्त हिदायत देते हुए अन्य सैक्टर ऑफिसर की ड्यूटी लगाकर होम वोटिंग का कार्य कराया। इसके बाद 18 नवंबर को भी डॉ. दौचानिया नशे में पाए गए। इस पर खेतड़ी रिटर्निंग अधिकारी जय सिंह ने थानाधिकारी को डॉ. दौचानिया का मेडिकल करवाने के निर्देश दिए। मेडिकल रिपोर्ट में डॉ. दौचानिया द्वारा ऐल्कोहॉल का सेवन किया जाना पाया गया। इसके बाद रिटर्निंग अधिकारी खेतड़ी की अनुशंषा पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए शनिवार को निलंबित कर दिया।

### राहुल ने कांग्रेस की जीत के लिए दिन-रात मेहनत कर रही टीम का बढ़ाया हौसला

जयपुर। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजस्थान में कांग्रेस की जीत के लिए दिन-रात मेहनत कर रही टीम का रविवार को यहां हौसला बढ़ाया। आगामी विधानसभा आम चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करने के लिए राजस्थान दौरे पर आये श्री राहुल गांधी जयपुर स्थित पीसीसी वॉर रूम पहुंचे। इस दौरान एआईसीसी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस के सेंट्रल वॉर रूम के चेयरमैन शशिकांत सेंथिल, को-चेयरमैन लोकेश शर्मा, जसवंत गुर्जर और कैप्टन अरविंद कुमार के साथ चुनावों को लेकर चल रही गतिविधियों एवं भविष्य की रणनीति चर्चा की। राहुल गांधी ने प्रदेश में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए दिन रात काम कर रहे पीसीसी वॉर रूम की टीम से आत्मीयता से मुलाकात की। उन्होंने वॉर रूम के पदाधिकारियों से वॉर रूम की कार्य प्रणाली को नजदीक से समझा। कार्यप्रणाली की निरंतर मॉनिटरिंग से राहुल गांधी काफी प्रभावित नजर आए और उन्होंने प्रदेश में 25 नवंबर को होने वाले मतदान के बाद वॉर रूम का रिपोर्ट कार्ड भी मांगा। वहीं पीसीसी सेंट्रल वॉर रूम के को-चेयरमैन और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेषाधिकारी लोकेश शर्मा ने राहुल गांधी को बताया कि एक अलग से चल रहा कॉल सेंटर भी 24×7 काम कर रहा है जोकि विधानसभाओं में लगभग 400 से 500 कॉल्स प्रतिदन करता है और वहां की वास्तविक स्थिति का आंकलन करते हुए एक रिपोर्ट बनता है।

# एसटीएफ ने कॉल सेंटर में की छापेमारी, 16 गिरफ्तार

## अमेरिकी नागरिकों के साथ करते थे ठगी, 5 सालों से चला रहे थे सेंटर

**गौतम बुद्ध नगर।** अवैध रूप से कॉल सेंटर का संचालन करके अमेरिका के नागरिकों के साथ ठगी करने वाले गिरोह का एसटीएफ ने खुलासा किया है। एसटीएफ ने इस दौरान एक फर्जी कॉल सेंटर पर छापेमारी करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अमेरिकी नागरिक की शिकायत के बाद एसटीएफ ने यह छापेमारी की थी। दरसअल अमेरिका के एक नागरिक के द्वारा शिकायत की गई और उनके द्वारा बताया गया कि नितिन श्रीवास्तव द्वारा चलाए जा रहे कॉल सेंटर के माध्यम से कॉल कर धोखाधड़ी करते हुए उनके बैंक ऑफ अमेरिका के अकाउंट से पैसा हांगकांग के अकाउंट नंबर में ट्रांसफर किया गया है। इस शिकायत के बाद एसटीएफ इस कॉल सेंटर की तलाश में जुट गई।



एसटीएफ ने छापेमारी करते हुए नोएडा के थाना फेस वन क्षेत्र के अंतर्गत स्थित जी 68 थर्ड फ्लोर फेस वन पर अवैध रूप से चल रहे कॉल सेंटर से 16 लोगों को धर दबोचा। इस दौरान पुलिस ने नितिन श्रीवास्तव के पार्टनर लव कुश को भी गिरफ्तार कर लिया। लव कुश ने पूछताछ में बताया कि वह 2012 में नितिन के साथ प्रॉपर्टी का काम करता था। नितिन पहले भी फर्जी कॉल सेंटर चलाने का काम करता था। नितिन के द्वारा उसे बताया गया कि वह करीब 5 वर्ष से फर्जी कॉल सेंटर चला रहे थे।

### सर्विस प्रोवाइडर से बुक कराते थे फोन

इस दौरान बताया गया कि अमेरिका की नागरिकों का डेटा जिसमें नाम, पता, फोन नंबर एवं सोशल सिक्योरिटी नंबर होता है। उसको यह लोग खरीद लेते हैं और फिर व्हाइट पेज वेबसाइट से इन मोबाइल नंबर से अमेरिका के सर्विस प्रोवाइडर का पता कर लेते हैं और फिर अपने कॉल सेंटर से मोबाइल धारक को इस सर्विस प्रोवाइडर की तरफ से फर्जी कॉल करते हैं और धारक से उसका पिन नंबर लेते हैं। इसके बाद इसी कॉल सेंटर से सर्विस प्रोवाइडर को धारक बनकर कॉल करते हैं और पूछने पर धारक का पिन नंबर सर्विस प्रोवाइडर को देते हैं और सर्विस प्रोवाइडर से नया फोन बुक कर लेते हैं।

### अन्य आपराधिक इतिहास की कर रहे जानकारी

इस नए फोन को डिलीवर के लिए एक फर्जी एड्रेस से संबंधित डॉक्यूमेंट जैसे कूट रचित डीएल, पासपोर्ट आदि बनाकर अपलोड कर देते हैं और दिए हुए पत्ते पर डिलीवरी हो जाती है। उसे इनसे जुड़े उनके एजेंट प्राप्त कर लेते हैं और उसके बदले अमेरिकन एजेंट को पैसा हांगकांग स्थित विभिन्न बैंक के अकाउंट में डाल देते हैं। यह पेमेंट मॉड नितिन टेलीग्राम चैनल में डार्क वेब से लेता है और उसके बदले में कमीशन लोकल बिटकॉइन पेज के माध्यम से यूएसडीसी में पे-कार्ड देता है और हांगकांग में पैसा अगड़ियों के माध्यम से ज्यादातर केस में इन तक पहुंचता है। फिलहाल पुलिस इन लोगों के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटा रही है।

### तेलंगाना के निर्दलीय उम्मीदवार ने की आत्महत्या

निजामाबाद। आगामी तेलंगाना विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे एक व्यक्ति ने रविवार तड़के कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कहा कि फोर्थ टाउन थाना के अधिकार क्षेत्र में साईनगर के कन्नैया गौड़(36) ने साइबर अपराधियों की ओर से उत्पीड़न के बाद यह अतिवादी कदम उठाया है।श्री गौड़ का मोबाइल फोन हैक कर लिया गया और उनसे पैसों की मांग के साथ-साथ मॉर्फिंग वीडियो भी मिले। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर श्री गौड़ ने अपने घर में सीलिंग फैन से फांसी लगा ली। गौड़ निजामाबाद शहरी निर्वाचन क्षेत्र में एक विधायक उम्मीदवार (स्वतंत्र) के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। चुनाव आयोग ने उन्हें रोटी बनाने वाले का प्रतीक चुनाव चिह्न आवंटित किया था।

# मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध अब 23 नवम्बर तक

इंफाल। (पी एम ए) मणिपुर सरकार ने राज्य की अस्थिर हालात को देखते हुए मोबाइल इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध को और अगले पांच दिनों के लिए यानी 23 नवंबर तक बढ़ा दिया है।
एक अधिकारी ने कहा कि असामाजिक तत्वों को भ्रामक संदेशों, फोटो और वीडियो फैलाने से रोकने के लिए एक निवारक उपाय के रूप में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ाया गया है।
मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट पर पहली बार 200 दिन पहले प्रतिबंध लगाया गया था, जब 3 मई को मणिपुर में गैर-आदिवासी मैतेई और आदिवासी कुकी-ज़ो समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़क उठी थी।
तब से हर पांच दिन बाद प्रतिबंध बढ़ाया जाता रहा है। मणिपुर के आयुक्त (गृह) टी. रणजीत सिंह ने शनिवार को जारी एक अधिसूचना में कहा कि पुलिस महानिदेशक ने कहा है कि सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला, लापता व्यक्तियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, राजमार्ग नाकेबंदी, धरना-प्रदर्शन जैसी अस्थिर कानून व्यवस्था की स्थिति से संबंधित रिपोर्टें मिली हैं।
उन्होंने कहा, ऐसी आशंका है कि कुछ असामाजिक तत्व जनता की भावनाएं भड़काने वाली तस्वीरें, नफरत भरे भाषण और नफरत भरे वीडियो संदेश प्रसारित करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिसका मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर असर हो सकता है। रणजीत सिंह ने कहा, भड़काऊ सामग्री और झूठी अफवाहों के परिणामस्वरूप जीवन की हानि और/या सार्वजनिक/निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचने और सार्वजनिक शांति और सांप्रदायिक सद्भाव में व्यापक गड़बड़ी फैलने का आसन्न खतरा है, जिसे जनता में प्रसारित/प्रसारित किया जा सकता है।
पिछले हफ्ते, मणिपुर सरकार ने चार नागा आदिवासी बसे पहाड़ी जिला मुख्यालयों में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध हटा दिया था, जो जातीय हिंसा से प्रभावित नहीं थे।

# सेंट्रल नोएडा में वेयर हाउस में चोरी का खुलासा

## डेढ़ करोड़ रुपए कीमत के कैमरे और ईयरबड्स बरामद, 4 आरोपी गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने दिवाली की रात हुई वेयरहाउस में चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से करीब डेढ़ करोड़ रुपए के नामी कंपनी सोनी के कैमरे और इयरबड्स बरामद किए गए हैं।

इसके साथ ही चोरी में इस्तेमाल किए जाने वाली गाड़ी को भी पुलिस ने बरामद किया है। इन कैमरों की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई गई है। यह सभी अंतरराज्यीय स्तर के चोर हैं। यह लोग फेस्टिवल सीजन के आसपास चोरी की घटना को अंजाम देते थे। ज्यादातर यह चोरियां वेयरहाउस से किया करते थे और उसे चोरी किए गए माल को आसानी से मार्केट में बेच दिया करते थे।

सेंट्रल जोन की डीसीपी सुनीति सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 12/13 की रात को इन्होंने सूरजपुर थाना क्षेत्र स्थित गुरुद्वारा रोड पर बने एक वेयरहाउस से सोनी कंपनी के



महंगे कैमरे और इयरबड्स चोरी किए थे। वेयरहाउस के मालिक की तरफ से थाने पर एक शिकायत दी गई, जिस पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल की गई।

### फुटेज के आधार पर चल रही थी तलाश

इस दौरान पता चला कि अर्टिगा कार में यह सभी लोग दीपावली की रात आए थे और वेयरहाउस में रखे करीब डेढ़ करोड़ रुपए के इन्होंने कैमरे और ईयरबड्स चोरी किए थे और मौके से फरार हो गए थे। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को इन लोगों के बारे में जानकारी हुई तब जाकर सर्विलांस की मदद से इन चोरों तक पुलिस पहुंची। पुलिस ने इस दौरान माया, सुरेंद्र, विशाल और सूरज को एलजी गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया है।

### मार्केट में बेंचने की फिराक में थे

पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि 12 तारीख की रात को 10ः00 बजे के आसपास यह वेयरहाउस की पीछे की दीवार पर लगी टीन की चादर उखाड़कर उसमें अंदर घुस गए और वहां रखे सोनी कंपनी के कैमरे और इयरबड्स अथवा लेंस हमने चोरी कर लिए और इनको मार्केट में बेचने के लिए यह लोग चले गए, लेकिन इससे पहले ही जांच कर रही पुलिस की टीमों ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस खंगाल रही आपराधिक इतिहास

इस गैंग का मास्टरमाइंड माया पटेल है, जो कि गूगल मैप के जरिए ऐसे वेयरहाउस की तलाश किया करता था। इसके आसपास जंगल या सुनसान मैदान होता था।

उन्हीं वेयरहाउस को यह लोग अपना निशाना बनाते थे। अब से पहले भी इन लोगों ने बेंगलुरु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और मुंबई जैसे इलेक्ट्रॉनिक वेयरहाउस में चोरी की घटना को स्वीकार किया है। वहीं पुलिस इनका अन्य आपराधिक इतिहास खंगालने में भी जुटी हुई है।

# भारत के लिए इंदिरा गांधी जन नेता व प्रधानमंत्री थीं, मेरे लिए मेरी शिक्षक : राहुल

**नई दिल्ली।** (पी एम ए) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को इंदिरा गांधी को उनकी 105वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि भारत के लिए वह एक जन नेता और प्रधान मंत्री थीं और 'मेरे लिए वह मेरी शिक्षक थीं।'
राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के लिए, एक जन नेता, प्रधान मंत्री। मेरे लिए, मेरी दादी, मेरी शिक्षक। देश और लोगों के प्रति समर्पण के आपके द्वारा सिखाए गए मूल्य मेरे हर कदम व मेरी सोच की ताकत हैं।
खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत की पहली महिला प्रधान मंत्री और हमारी आइकन, इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर हमारी विनम्र श्रद्धांजलि।
खड़गे ने कहा,भारत की एकता और



अखंडता को बनाए रखने और हमारे देश को मजबूत और प्रगतिशील बनाने में, उन्होंने लगातार भारत के लिए कुशल नेतृत्व, सच्ची निष्ठा और मजबूत इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया और देश के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया।
उनका जीवन, देश के लिए उनका समर्पित कर्तव्य और अदम्य साहस रहेगा, हमेशा लाखों भारतीयों को प्रेरित करते रहेगा।
कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज राष्ट्र इंदिरा गांधी की 106वीं जयंती मना रहा है।
वह एक सबसे साहसी, सशक्त और परिणामी नेता थीं, जिन्होंने हरित क्रांति को राजनीतिक दिशा प्रदान की, निर्णायक रूप से आकार दिया। हमारे अंतरिक्ष, परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों ने दक्षिण एशिया के भूगोल को नया आकार दिया, चुनावी प्रतिकूलताओं के सामने बहुत लचीलापन दिखाया और हमारी अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा प्रदान की और हमेशा पर्यावरण और सामाजिक चिंताओं को अपने शासन के मूल में रखा।
इससे पहले खड़गे, सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कई अन्य नेताओं ने यहां शक्ति स्थल पर इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

### रामपुर में गोतस्कर को एनकाउंटर में मार गिराया

रामपुर। यूपी पुलिस और एसटीएफ ने 24 घंटे में 2 एनकाउंटर किए। पहला एनकाउंटर शनिवार सुबह 7 बजे एसटीएफ ने झांसी के मऊरानीपुर में किया। इसमें 15 साल से फरार कुख्यात अपराधी राशिद कालिया को मार गिराया। जबकि दूसरा रामपुर में शनिवार देर रात का है। यहां पुलिस ने शनिवार देर रात साजिद को ढेर कर दिया। जबकि दूसरा बदमाश गोली लगने के बाद घायल है। पुलिस ने बताया- घेराबंदी के दौरान बदमाशों की कार खाई में पलट गई। बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने बताया कि जवाबी फायरिंग में 2 बदमाशों को गोली लगी। जिन्हें पकड़कर अस्पताल ले जाया गया। जहां एक बदमाश की मौत हो गई। जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। मुठभेड़ थाना पटवाई क्षेत्र में हुई है।

# राजस्थान की रक्षा के लिए कांग्रेस को हटना जरूरी : मोदी

**झुंझुनू।** (पी एम ए) पीएम नरेंद्र मोदी ने तारानगर के बालाजी जोहड़ में एक बड़ी जनसभा में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। तारानगर से भाजपा के टिकट पर राजेन्द्र राठौड़ चुनाव लड़ रहे राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के प्रचार के लिए पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को चुरू के तारानगर पहुंचे। यहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया। तारानगर से भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र राठौड़ चुनाव लड़ रहे हैं।
राजेन्द्र राठौड़ के पक्ष में पीएम नरेंद्र मोदी ने तारानगर के बालाजी जोहड़ में एक बड़ी जनसभा में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मंच पर आकर सबसे पहले पीएम मोदी ने जय जयकारा किया। इसके बाद उन्होंने कहाकि इस भूमि को कांग्रेस ने नजर लगा दी है। ऐसी भूमि की संतानों को कांग्रेस ने छलने की कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस के राज्य में इस भूमि पर ईश्वर का नाम लेना दूभर हो गया है। कांग्रेस राजस्थान में शोभायात्रा भी नहीं निकलने देती है। राजस्थान की रक्षा के लिए यहां से कांग्रेस सरकार को हटना जरूरी है।

विश्वकप क्रिकेट फाइनल मैच को बहाना बनाकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, पूरा देश क्रिकेट के जोश से भरा है। कांग्रेस के लोग एक दूसरे को रन आउट करने में जुटे हैं। कांग्रेस के लोग मैच फिक्सिंग में जुटा हुआ है। कांग्रेस के लोग क्या रन बनाएंगे। हमें तो हर बूथ पर सेंचुरी बनाना है। सरकार बनी तो भ्रष्टाचारियों को आउट करेंगे। सरकार बनी तो विकास का स्कोर बनेगा।

# सिरसा में छठ पूजा के लिए उमड़े उतरांचल, बिहार के लोग

सिरसा। हरियाणा में सिरसा शहर के पास से गुजर रही नहर पर रविवार को हजारों की संख्या में उतरांचल व बिहार राज्यों के लोग छठ पूजा उमड़े। छठ मैया की पूजा के लिए इनके परिवारों की महिलाएं व बच्चे नये कपड़े पहन सज संवर कर यहां पहुंचे। इन लोगों द्वारा पूजा करने के लिए जय माँ सरस्वती सेवा समिति,उतरांचल सेवा समिति व बिहार सेवा समिति के पदाधिकारी पिछले सप्ताह से ही तैयारियों में जुटे थे।
रात्रि को भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें बिहार से मशहूर गायक अरविंद अलबेला अपनी प्रस्तुति देंगे। पूर्वाचंल सेवा समिति के प्रधान प्रकाश गुप्ता व जय माँ सरस्वती सेवा समिति के सरंक्षक मुन्ना गुप्ता ने बताया कि महिलाओं ने छठ माता की पूजा के लिए नहर किनारे कल ही अपना-अपना स्थान निर्धारित करते हुए पिंडी बना दी थी।
छठ पूजा के लिए निर्जला व्रत पर रही



महिलाओं के परिवारों की युवतियां सिर पर पंच मेवा व ठिकुआ का प्रशाद लेकर पहुंच रही थीं। व्रत पर रही महिलाएं व पुरूष आज शाम को सूर्यास्त व सुबह सूर्यादय के समय अर्घ्य देंगी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन उनका महापर्व है। इस रोज महिलाएं व पुरूष मन्नते मांगते हैं व उनके पूर्ण होने पर अगले वर्ष धूमधाम से पूजन करते हैं। उन्होंने बताया कि अकेले सिरसा में करीब 30 हजार लोग इस आयोजन के गवाह बनेंगे। पंच मेवा की टोकरी लेकर पहुंची युवती कामिनी,मुस्कान व पूजा ने बताया कि वे पारिवारिक परंपरा के अनुसार यह टोकरी लेकर महापर्व के पूजा स्थल पर पहुंची है।

### इंदिरा गांधी के दूरदर्शी निर्णयों का देश को हो रहा लाभ

शिमला। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को यहां ऐतिहासिक रिज पर भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि आज देश को उनके दूरदर्शी निर्णयों का लाभ मिल रहा है। उन्होंने आम आदमी को लाभ पहुंचाने के लिए भू-सुधार कानून लाने और बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने जैसे साहसिक फैसले लिये। उन्होंने बांग्लादेश की मुक्ति में अहम योगदान दिया है, जो देशभक्ति का एक अद्वितीय उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान, पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरकार की नाकामियों का जिक्र करेगी भाजपा : जयराम ठाकुर

शिमला। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा महिलाओं के सहयोग के बिना ना कोई सरकार बन सकती है ना कोई समाज आगे बढ़ सकता है और जब महिलाओं के सहयोग से सरकार बन भी जाती है तो उसको चलाने के लिए महिलाओं का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अनेक मुद्दों को लोकसभा की दृष्टि से बूथ स्तर तक ले जाएगा। चाहे वह मुद्दा प्रदेश सरकार की गारंटीयों का हो, कांग्रेस सरकार के दौरान महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार और किसी भी प्रकार के मुद्दे जो महिलाओं से जुड़े हो उनको प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने के लिए महिला मोर्चा कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को 1 साल पूरे होने जा रहा हैं और उनकी



नाकामियों का जिक्र भाजपा चौक चौराहे करने जा रही है। अब बहुत हो गया, अभी तक का समय वर्तमान कांग्रेस सरकार ने रोते-रोते गुजार दिए कि पिछली सरकार ने ऋण लिया है।

उन्होंने कहा कि हम तो आपसे पूछना चाहेंगे कि हमारी सरकार ने 2 साल में 6000 करोड़ का लोन लिया था, पर आपकी सरकार ने तो 11 महिने में 12000 करोड़ का ऋण ले लिया।

ठाकुर ने कहा की हम छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश गए और छत्तीसगढ़ में तो वहां के कांग्रेस मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो चुनावों के समय हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव प्रभारी थे, अपने भाषणों में जिक्र कर रहे हैं की हिमाचल प्रदेश में अभी सरकार का 1 साल पूरा हुआ नहीं और सभी 10 गारंटीयां पूरी कर दी गई है और इसी प्रकार से छत्तीसगढ़ में भी हम दी गई गारंटीयां पूरी करेंगे और हमने प्रेस वार्ता के माध्यम से वहां पर सच्चाई जनता के समक्ष रखी।

उन्होंने कहा की केंद्र सरकार और पूर्व की प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की सभी योजनाओं को महिला मोर्चा घर-घर तक ले जाने का कार्य करेगा। गृहणी सुविधा योजना, बसों में आने जाने का किराया आधा करना, शगुन योजना जिसमें एक बीपीएल परिवार की बेटी के अकाउंट में सरकार का 31000 रुपए डालना ऐसी योजनाएं भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अपने कार्यकाल में चलाई हम इसको धरातल तक पहुंचाएंगे।

## शार्ट न्यूज

### जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने के आश्वासन पर अनिल चौधरी का आमरण खत्म

नयी दिल्ली। जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर दिल्ली –गाजियाबाद सीमा पर पिछले 22 दिन से आमरण अनशन पर बैठे जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल चौधरी को नारियल पानी पिलाकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को उनका अनशन खत्म कराया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद सांसद राजेन्द्र अग्रवाल भी उपस्थित रहे। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के एक प्रवक्ता ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग पर सहमति बनी है और चुनाव के बाद उपयुक्त समय पर प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। सिंह ने कहा कि जनसंख्या असंतुलन भारत के समक्ष एक समस्या है। इसके समाधान के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाना और उसे जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा से ऊपर उठकर सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू करना है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि विश्व की कुल भूमि का 2.4 प्रतिशत भाग भारत के पास है और चार प्रतिशत जल हमारे पास है जबकि विश्व की कुल आबादी का 18 प्रतिशत भार हम भारत की भूमि पर हैं। विश्व की औसत आबादी क्षेत्रफल के सापेक्ष भारत की आबादी 20 करोड़ से अधिक नही होनी चाहिए थी जबकि 143 करोड़ की संख्या को पार हो चुकी हैं। आमरण अनशन के 16 वें दिन संगठन के चौधरी को प्रधानमंत्री के सलाहकार से वार्ता के लिए बुलावा आया था और जनसंख्या नियंत्रण कानून की प्रक्रिया पर विस्तृत बातचीत की थी।

### भारत ने फिलिस्तीन को भेजी 32 टन राहत सामग्री

गाजियाबाद। संकट के समय में भारत लगातार दूसरे देशों की मदद कर रहा है। भारत ने राहत सामग्री की दूसरी खेप फिलिस्तीन भेजी है। भारतीय वायुसेना का सी–17 ग्लोबमास्टर मालवाहक विमान 32 टन राहत सामग्री लेकर गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से रवाना हुआ। ये विमान मिस्त्र के अल–आरिश हवाई अड्डे पर उतरेगा। वहां से फिलिस्तीन के लोगों तक ये मदद पहुंचाई जाएगी। केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने रविवार सुबह एक्स पर लिखा– हम फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखते हैं। दूसरा सी–17 विमान 32 टन सहायता लेकर मिस्त्र में अल–आरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ। इससे पहले 22 अक्टूबर को भारत सरकार ने 38.5 टन चिकित्सीय और आपदा राहत सामग्री फिलिस्तीन के लोगों के लिए भेजी थी। दरअसल, इस्राइल और हमास में युद्ध चल रहा है। इसमें फिलिस्तीन के लोगों को बड़ी संख्या में नुकसान पहुंचा है। ऐसे में भारत ने फिलिस्तीन के लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं। राहत सामग्री के सभी पैकेट्स गाजियाबाद में एनडीआरएफ की आठवीं बटालियन में तैयार किए गए हैं। जिसके बाद उन्हें बड़े–बड़े ट्रकों में हिंडन एयरबेस तक पहुंचाया गया। भारत ने फिलिस्तीन के अलावा नेपाल के भूकंप पीड़ितों के लिए भी पिछले दिनों राहत सामग्री भेजी है।

### मोदीनगर में मेडिकल स्टोर में लूट की कोशिश

मोदीनगर। मोदीनगर में कोतवाली क्षेत्र में शनिवार रात सात बजे कार सवार दो बदमाशों ने दिल्ली–मेरठ मार्ग स्थित एक मेडिकल स्टोर पर धावा बोला और तमंचा दिखाकर दवा कारोबारी से लूट का प्रयास किया। कारोबारी के शोर मचाते हुए विरोध करने पर बदमाश गोविंदपुरी की तरफ फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पीड़ित द्वारा दिए गए कार नंबर के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। गोविंदपुरी कॉलोनी निवासी संजय कुमार का दिल्ली–मेरठ मार्ग पर महेंद्रपुरी गेट से पहले खुशबू सर्जिकल के नाम से मेडिकल स्टोर है। पीड़ित के अनुसार, रात में सात बजे वह मेडिकल स्टोर पर अकेले थे। इसी बीच एक कार मेडिकल स्टोर से चंद कदमों की दूरी पर आकर रुकी। कार से एक बदमाश उतारा और मेडिकल स्टोर के अंदर घुस गया। कारोबारी के दवा संबंधित पूछने पर बदमाश ने तमंचा निकाल लिया और कारोबारी को तमंचा दिखाते हुए लूट का प्रयास किया। इसी बीच दूसरा बदमाश भी मेडिकल स्टोर पर पहुंच। यह देख कारोबारी ने शोर मचा दिया। जिस पर बदमाश कार में सवार होकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दवा कारोबारी से घटनाक्रम की जानकारी ली गई। पीड़ित ने बताया कि दोनों बदमाशों ने मुंह पर कपड़ा लपेट रखा था।

### कैंटर ने पुलिस की पीआरवी में मारी टक्कर

मुरादनगर। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर दुहाई के पास शुक्रवार रात तेज रफ्तार कैंटर ने पुलिस की पीआरवी 2186 में टक्कर मार दी। हादसे में पीआरवी गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कोई भी पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कैंटर चालक व हेल्पर को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात पुलिस की पीआरवी ईस्टर्न पेरिफेरल पर गश्त कर रही थी। गाड़ी में पुलिस कांस्टेबल श्याम सिंह, हेड कांस्टेबल चकलेश्वर व सब कमांडर मनोज कुमार तैनात थे। गश्त के दौरान दुहाई के पास पीआरवी गाड़ी खराब हो गई। पुलिसकर्मियों ने गाड़ी को साइड में लगा दिया और दूसरी गाड़ी का इंतजार करने लगे। इसी बीच बागपत की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने किनारे पर खड़ी पुलिस की पीआरवी गाड़ी में टक्कर मार दी। एसीपी ने बताया कि सिपाही श्याम सिंह की तहरीर पर कैंटर चालक प्रदीप कुमार निवासी केशरपुर माडपुरा एटा व हेल्पर एवरन सिंह निवासी कुटानी गांव सोनीपत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### सफाई अभियान चलाकर 10 ट्रॉली कूड़ा उठवाया

गुरुग्राम। पर्यावरण संरक्षण अभियान भाजपा हरियाणा के प्रमुख नवीन गोयल ने सफाई अभियान के तीसरे दिन 4 मरला क्षेत्र में राजकीय प्राथमिक पाठशाला के आसपास सफाई करवाई। इस दौरान वहां से 10 ट्रॉली कूड़ा उठवाया गया। इस कार्य में उनके साथियों का विशेष योगदान रहा। एक महीने तक यह अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर अनिल कुमार, राम शर्मा, हरीश कुमार, भीष्म खुराना, अरुण कुमार, दुर्गेश चुघ, शिवम, विजय वर्मा, राजकुमार गाबा, संजय वर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहे। नवीन गोयल ने कहा कि स्वच्छता हमारी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। हम अपने स्तर पर स्वच्छता के लिए काम करें, यह भी जरूरी है। अपने घर और आसपास सफाई करके हम वहां के पर्यावरण को भी स्वच्छ रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का ध्यान रखना न सिर्फ मानसिक सुकून देता है, बल्कि यह बीमारियों से भी बचाता है। इस संक्रामक बीमारियों के समय में स्वच्छता को लेकर और भी जागरूक रहने की जरूरत है।

### रेजांगला दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

गुरुग्राम। रेजांगला युद्ध स्मारक पर शनिवार को रेजांगला की लड़ाई के 114 शहीदों को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। इन भूले–बिसरे योद्धाओं को याद करने और उनका सम्मान करने के लिए पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली से वरिष्ठ पूर्व सैनिक एकत्रित हुए। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण 'फॉरगॉटन वॉरियर्स' पुस्तक का शहीदों को समर्पण था। डॉ. टीसी राव द्वारा लिखित पुस्तक, रेजांगला की लड़ाई के दौरान सैनिकों द्वारा की गई बहादुरी और बलिदान का एक इतिहास है। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, शहीदों के परिवार के सदस्यों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से लेफ्टिनेंट जनरल रविन्द्र यादव, मेजर जनरल एस पी यादव, कर्नल देवेन्द्र चोटानी, कर्नल महा सिंह, विंग कमांडर वी पी यादव, मनमोहन यादव व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### भाभी पर गोली चलाने का आरोपी गिरफ्तार

पटौदी। पटौदी थाना क्षेत्र में उधारी दिए गए रुपये वापस मांगने पर भाभी पर गोली चलाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पटौदी थाना पुलिस में एक महिला ने शुक्रवार को शिकायत दी थी कि वह अपने मायके गांव खोड़ में रहती है। इसके देवर ने इससे उधार रुपए ले रखे हैं। इसके द्वारा उधार दिए गए रुपए वापस मांगने पर इसके देवर ने रुपए देने से मना कर दिया।

# ग्रैप–4 के नियम हटे, हवा में थोड़ा सुधार

## दिल्ली में लगातार हवा की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है : गोपाल राय



**नई दिल्ली।** दिल्ली में ग्रेप – 4 की पाबंदियां खत्म होने के अगले दिन हवा में थोड़ा सुधार रहा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को लोगों से गुहार लगाई कि वो सावधान रहें और ग्रैप के 1, 2 और 3 के नियमों का सख्ती से पालन करें। ग्रैप के यह सभी नियम दिल्ली की हवा में पलूशन को नियंत्रित करने के लिए लगाए गए हैं। एक प्रेस वार्ता के दौरान गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में लगातार हवा की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। इस सुधार को बनाए रखने के लिए लोगों को भी जागरूक रहने की जरूरत है। गोपाल राय ने कहा, पिछले दो दिनों से दिल्ली की हवा में लगातार सुधार हो रहा है। आज एक्यूआई 290 तक पहुंच गया है। मैं दिल्ली के लोगों और नॉर्थ भारत के लोगों से अपील करना चाहूंगा कि वो चौकन्ने रहें। कुल मिलाकर पलूशन की स्थिति में थोड़ा सुधार है। हमें अभी भी सावधान रहने की जरूरत है। दीवाली से पहले एक्यूआई 215 पर पहुंच गया था।

दिल्ली की हवा में सुधार होने की वजह से ही शनिवार को CAQM ने ग्रेप 4 के नियमों को वापस लिया गया है। इसके बाद ट्रकों और बसों पर लगी पाबंदी को हटाई गई थी। हालांकि, बीएस–3 और बीएस–4 पेट्रोल और डीजल वाहनों को दिल्ली में प्रवेश की इजाजत अभी भी नहीं है।

निर्माणाधीन कार्यों पर लगी पाबंदी को भी हटाई गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गोपाल राय ने इस बात पर जोर देकर कहा कि ग्रेप 1, ग्रेप2 और ग्रेप 3 के नियम अभी भी लागू हैं। अगर आगे भी हवा की गुणवत्ता में सुधार रहता है तो कुछ अन्य पाबंदियां भी हाटई जाएंगी।

संवाददाता सम्मेलन में गोपाल राय ने यह भी बताया कि राज मार्ग, सड़कों, फ्लाईओवर, फुट–ओवर ब्रिज और इसी तरह के अन्य प्रोजेक्ट जिनपर ग्रैप 4 के नियमों के तहत रोक लगा दी गई थी उन सभी प्रोजेक्ट को फिर से चालू करने के लिए अनुमति दे दी गई है। गोपाल राय ने बताया कि कहां–कहां निर्माण कार्य शुरू किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे, मेट्रो, स्टेशन प्रोजेक्ट, एयरपोर्ट, अतंरराष्ट्रीय बस टर्मिलन, राष्ट्र सुरक्षा से जुड़ी चीजें, राष्ट्रीय महत्व से जुड़े प्रोजेक्ट, अस्पताल और साफ–सफाई के काम किए जा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि बोरिंग, खुदाई, स्ट्रक्चर निर्माण, ध्वस्तीकरण, कंस्ट्रक्शन के सामानों की लोडिंग और अनलोडिंग पर पाबंदी अभी भी लागू है। कच्ची सड़कों पर वाहन चलाना, टाइल्स की कटाई के काम और टाइल्स तथा फ्लोर मैटेरियल तथा माइनिंग के काम पर अभी भी पाबंदी है।

# केजरीवाल ने दी 83 दुकानों को चौबीसों घंटे खुलने की परमिशन

एजेंसी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में 83 दुकानों को चौबीसों घंटे खुलने की परमिशन मिली है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में 83 और दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को चौबीसों घंटे संचालन की अनुमति दे दी है। उपराज्यपाल से मंजूरी मिलने के बाद ये दुकानें और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान 24 घंटे खुल सकेंगी।

दिल्ली में 83 और दुकानों को परमिशन मिलने के बाद अब राजधानी में चौबीसों घंटे चलने वाली दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों की कुल संख्या 635 हो गई है। आधिकारिक बयान में बताया गया कि दिल्ली में साल 1954 से 2022 तक केवल 269 दुकानों और प्रतिष्ठानों को 24 घंटे चलने की अनुमति थी। बयान में बताया गया है कि जिन दुकान मालिकों को परमिशन मिली है उन्हें दिल्ली दुकान और स्थापना अधिनियम 1954 के सभी प्रावधानों और विनियमों का पालन करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर सरकार कार्रवाई करेगी।

दिल्ली सरकार ने कहा कि इन दुकानों को 24 घंटे संचालन से न केवल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में कुल 122 लोगों ने चौबीसों घंटे दुकानें चलाने की परमिशन मांगी थी। विभाग ने आवेदनों और दस्तावेजों की जांच की जिसमें 29 आवेदन पत्रों में कमियां पाई गईं।

# कांग्रेस के मुख्यमंत्री लोगों को भड़काते हैं : गिरिराज सिंह

गाजियाबाद। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह रविवार को गाजियाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि जो वोट के सौदागर हैं वो देश हित के लिए बनने वाले कानूनों पर पेंच फंसा देते हैं। जब यूनिफॉर्म सिविल कोड की बात होती है तो कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री लोगों को भड़कते हैं। इसके अलावा भम्र फैलाते हैं। कॉमन सिविल कोर्ट के बाद ही जनसंख्या नियंत्रण कानून आ सकता है।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। गिरिराज सिंह ने कहा जनसंख्या नियंत्रण कानून बहुत जरूरी है। हमारे देश में संसाधन सीमित है। हर साल हम दो इसराइल पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस के कारण यह कानून नहीं बना है। गिरिराज सिंह ने भारतीय टीम को वर्ल्ड कप फाइनल के लिए भी बधाई दी और जीत की कामना की।

दरअसल गाजियाबाद के जनसंख्या समस्या फाउंडेशन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी अपनी मांगों को लेकर 29 अक्टूबर को दिल्ली जंतर मंतर पर धरना देने जा रहे थे।

# भगवान महावीर स्वामी का 2550 वा निर्वाण महोत्सव धूम–धाम से मनाया गया



**नई दिल्ली।** रविवार 19 नवम्बर 2023 को भगवान महावीर स्वामी का 2550 वा निर्वाण महोत्सव राष्ट्र सन्त उत्तरभारतीय प्रवर्तक श्री सुभद्र मुनि जी महाराज एवं उपप्रवर्तक श्री आनन्द मुनि जी के सानिध्य में पूर्वी दिल्ली में धूम–धाम से मनाया गया।कैलाश नगर जैन स्थानक से गांधीनगर, झील, राजगढ़ कॉलोनी,कृष्णा नगर, विश्वास नगर होते हुए ऋषभ विहार जैन स्थानक तक विशाल निर्वाण यात्रा निकाली गई।इस पैदल यात्रा में जैन धर्म के हजारों अनुयायियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।ऋषभ विहार में धर्म सभा हुई इस कार्यक्रम में आचार्य प्रज्ञ सागर जी,विजय आचार्य धर्मधुरंधर जी म.,विजय आचार्य रत्नांचल सूरीश्वर जी म.,राष्ट्रसंत आचार्य सुनील सागर जी के संघस्थ मुनि,तपोमूर्ति श्री कमलकुमार मुनि,उपप्रवर्तिनी स्नेहलता जी म.,साध्वीरत्ना चंदना जी म.,साध्वीरत्ना रचना जी म.,साध्वीरत्ना बिंदु जी म.की पावन उपस्थिति रही।

पूर्वी दिल्ली जैन युवा महासंघ एवं ऋषभ विहार जैन नवयुवक मंडल ने इस निर्वाण यात्रा एवं विशाल भंडारे का सफलतापूर्वक संचालन किया।युवा महासंघ के चेयरमैन अंकित जैन,प्रधान वर्षु जैन,महामंत्री दीपक जैन,कोषाध्यक्ष उदित जैन,उपप्रधान विपुल जैन एव आयुष जैन,मंत्री वैभव जैन,ऑडिटर मणिभद्र जैन,संयोजक शुभम जैन,आयुष्य जैन,विभव जैन तथा नवयुवक मंडल ऋषभ विहार से प्रधान सचिन जैन,उप प्रधान श्रेणिक जैन, महामंत्री नीरज जैन इस यात्रा में उपस्थित रहे।प्रमुख समाजसेवी राजीव जैन सी.ए. के अनुसार भगवान महावीर के 2550 वे निर्वाण महोत्सव का ऐसा भव्य आयोजन सबसे पहले पूर्वी दिल्ली में प्रवर्तक श्री सुभद्र मुनि जी म.के सानिध्य में किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे पूर्वी दिल्ली युवा महासंघ का महत्वपूर्ण स्थान रहा।

# प्रथम दिल्ली स्टेट डेफ जूडो चैंपियनशिप संपन्न





**नई दिल्ली।** प्रथम दिल्ली स्टेट डेफ जूडो चैंपियनशिप का आयोजन टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल माया पूरी में किया गया , दिल्ली डेफ जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चैंपियनशिप में 45 डेफ खिलाड़ियों ने भाग लिया , मुख्यअतिथि के तौर पर ओलंपिक रेफरी मुनव्वर अंजार अतिथि डॉ एन. सी. शर्मा अध्यक्ष द्वारका कोर्ट बार एसोसिएशन व अर्जुन अवॉडी अकरम शाह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाणपत्र दिये !

मुख्यअतिथि ओलंपिक रेफरी मुनव्वर अंजार ने कहा कि आप जेसे खिलाड़ियों को देख कर और बच्चों का भी मनोबल बढ़ता है उन्होंने विजेता खिलाड़ियों के साथ उनके परिवार वालों को भी बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

डॉ एन. सी. शर्मा ने कहा की दिल्ली के सभी स्कूल, कॉलेज और संस्थाओं से संपर्क करके डेफ बच्चों को जूडो सीखने और खेलने के लिये प्रेरित करने की कोशिश की जाएगी। दिल्ली डेफ जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि आप जेसे खिलाड़ी ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेगे , जल्द ही संस्था की और से डेफ खिलाड़ियों के लिये जूडो एकेडमी खोली जाएगी। गोल्ड मेडल जितने वाले खिलाड़ियों में आदिल खान, इर्शाद, रुपिंदर कौर , एजाज अख्तर खान , हर्षित , दीपाली व सावन लाल रहे।

इस मौके पर डॉ मनोज सेठी , सुनील कुमार , धीरज अग्रवाल, संजय बलूजा उपस्थित रहे।

### मोदीनगर में फर्जी दरोगा को पुलिस ने पकड़ा

मोदीनगर। मोदीनगर में गंगनहर पटरी पर पुलिस की वर्दी पहनकर कर वाहन चालकों से अवैध उगाही करने वाले फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया फर्जी दरोगा काफी समय से पुलिस बनकर अवैध उगाही करने का काम कर रहा था। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शनिवार रात को महेंद्र सिंह पनी कार से गंगनहर पटरी मार्ग से दिल्ली की ओर जा रहे थे। इसी बीच उन्हें पुलिस की वर्दी पहने एक युवक ने रोक लिया और उनकी गाड़ी में बैठ गया। दरोगा ने महेंद्र सिंह से अवैध वसूली करने शुरू कर दी। महेंद्र सिंह को शक हुआ और वह उसे सौंदा पुलिस चौकी ले गए। उन्होंने उक्त व्यक्ति के संदिग्ध होने के बारे में मौजुद पुलिस कर्मियों को बताया। यह देखकर वह व्यक्ति मौके से भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने पीछा करके उसे दबोच लिया।

# चलते–चलते सड़क पर पलट गई डीटीसी की बस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कल एक बड़ा हादसा हो गया। यहां दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की एक बस हादसे की शिकार हो गई। नॉर्थवेस्ट दिल्ली के रोहिणी इलाके में सुबह के वक्त यह हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 7 बजे पीसीआर के जरिए केएनके मार्ग पुलिस स्टेशन पुलिस को सूचना मिली थी कि रोहिणी सेक्टर–13 के पास डीटीसी बस हादसे का शिकार हुई है। स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। घटनास्थल पर बस पलटी हुई थी। बस में सवार तीन यात्री और कंडक्टर को चोट आई है। शुरुआती जांच–पड़ताल में यह बात सामने आई है कि बस रूट नंबर – 879 के ड्राइवर ने टी प्वाइंट पर टर्न लेते वक्त अपना संतुलन खोल दिया ता और उसी वजह से यह हादसा हुआ था। बस पलटने का जो वीडियो सामने आया है उसमें नजर आ रहा है कि सड़क किनारे बस पलटी हुई है और लोग इस पलटी हुई बस को देखे के लिए वहां जमा हैं। वीडियो में नजर आ रहा है कि बस डिवाइडर पर पलटी हुई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे के बाद वहां अफरातफरी की स्थिति हो गई थी। हादसे में घायल तीन लोगों को बस से बाहर निकाला गया था। बस की कांच टूटी हुई नजर आ रही है। अब इस बस हादसे की जांच–पड़ताल भी की जा रही है। पुलिस घटना को लेकर कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### शहादरा में रफ्तार ने ले ली जान

दिल्ली के शहदरा में भी एक बड़ा हादसा हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक, सुबह करीब 5 बजकर 38 मिनट पर वेलकम पुलिस स्टेशन को इस हादसे की खबर मिली थी। यह हादसा 66 फुटा रोड पर हुआ है। इस हादसे में 30 साल के एक ऑटो–रिक्शा चालक की मौत हो गई है।

### दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर की हादसे में मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद में शनिवार देर रात सड़क हादसे में दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई। वो शादी समारोह से लौट रहे थे और उनकी बाइक डिवाइडर से जा टकराई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान 57 वर्षीय अशोक कुमार के रूप में हुई है। वो दिल्ली में शाहदरा के ईस्ट राजनगर में रहते थे और दिल्ली पुलिस में बतौर सब इंस्पेक्टर पोस्टेड थे। अपर पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक) रामानंद कुशवाहा ने बताया, शनिवार देर रात राजनगर एक्सटेंशन में मोरटा तिराहे के पास एक एक्सीडेंट की सूचना प्राप्त हुई। तुरंत नंदग्राम थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घायल व्यक्ति को यशोदा हॉस्पिटल में एडमिट कराया। डॉक्टरों ने वहां उसे मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार अशोक कुमार गाजियाबाद में एक शादी समारोह में आए थे और वहां शामिल होकर वापस लौट रहे थे। उसी वक्त ये हादसा हुआ है।

# राहुल की डायरी से मिले पार्टी बुकिंग के 60 नंबर

## निकाली जाएगी सीडीआर, एल्विश के साथ फाजिलपुरिया की तरफ टर्न ले रहा है केस

नोएडा। गुरुग्राम के रहने वाले बिग बॉस ओटीटी 2 विनर एल्विश यादव केस में राहुल की डायरी से मिले 60 कांटेक्ट नंबर की जांच की जाएगी। हालांकि ये नंबर डायरी के उस पेज पर लिखे है जिसमें बुकिंग के बारे में जिक्र किया गया है। यानी इन नंबरों से राहुल के पास फोन आया और रेव पार्टी के लिए सांप और वेनम पार्टी में लाने के लिए डील तय की गई।

इन नंबरों की सीडीआर निकाली जाएगी। दो कोबरा सांप फाजिलपुर गांव से बरामद किए गए थे। वो भी इन्ही पार्टी में जाने थे। इस केस के खुलासे के बाद लगातार पार्टियां कैंसिल भी हो रही है। इसके साक्ष्य भी पुलिस को मिले है। जो नंबर डायरी में है उनमें से अधिकांश नंबर स्विच आफ है। राहुल की डायरी के पेज में कोडिंग भाषा में कुछ लिखा गया है। इसे डीकोड करने की कोशिश की जा रही है। अक्सर देखा गया है कि इस तरह के केस में कोड वर्ड का प्रयोग किया जाता है। इसमें कोड वर्ड के जरिए वेनम, सांप , नशे की वैरायटी के बारे में लिखा हो सकता है। जिसे राहुल ही जानता है, हालांकि पूछताछ में उसने इस तरह की कोडिंग के बारे में जानने से इनकार किया है।

इसलिए एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है। जिसमें टेक्निकल टीम भी पुलिस का सहयोग कर रही है।

## एलजी ने केजरीवाल सरकार को दिया झटका

# मुख्य सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप वाली रिपोर्ट खारिज



नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल ने बामनोली लैंड अधिग्रहण मामले में दिल्ली सरकार की रिपोर्ट पर विचार करने से इनकार कर दिया है। याद दिला दें कि हाल ही में अरविंद केजरीवाल सरकार की मंत्री आतिशी मर्लेना ने अपनी 600 से ज्यादा पन्नों की एक रिपोर्ट एलजी को भेजी थी। इस रिपोर्ट में मुख्य सचिव पर जमीन अधिग्रहण के बदले भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया गया था। लेकिन अब एलजी ने इस रिपोर्ट पर विचार करने से ही इनकार कर दिया है। राज निवास के अधिकारियों ने रविवार को इस बात की जानकारी दी है कि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार की सतर्कता मंत्री आतिशी की उस रिपोर्ट पर विचार करने से इनकार कर दिया है जिसमें बमनोली जमीन अधिग्रहण मामले में प्रथम दृष्टया मुख्य सचिव नरेश कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि यह रिपोर्ट बिल्कुल ही मंत्री की काल्पनिक धारणाओं पर आधारित है। उपराज्यपाल ने कहा कि यह रिपोर्ट मौजूदा जांच को सुविधा प्रदान करने की बजाए बहुत अच्छी तरह से मौजूदा जांच को नुकसान पहुंचा सकती है।

जो फाइल उपराज्यपाल ने भेजी है उसमें कहा है, मुझे शिकायत से जुड़ी सतर्कता मंत्री की प्राथमिक रिपोर्ट जिसे सीएम केजरीवाल ने मेरे पास भेजा था वो मिली है। यह बहुत चौकाने वाला और दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस रिपोर्ट में निगरानी से जुड़े संवेदनशील मामले हैं और इसे मेरे सचिव को लिफाफे में भेजा गया है वो पहले से ही पब्लिक डोमेन में है। इस रिपोर्ट के डिजीटल और इलेक्ट्रॉनिक कॉपी पहले से ही आसानी से उपलब्ध हैं और इसपर मीडिया कवर भी हो रहा है।

एलजी ने इस बात पर संज्ञान लिया है कि रिपोर्ट से जुड़ी कुछ चुनिंदा बातें मीडिया में लीक हो गई हैं। एलजी ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि इस पूरी जांच का मकसद सच को उजागर करना नहीं बल्कि मीडिया ट्रायल को शुरू करना और इस पूरे मामले को राजनीतिक मुद्दा बनाना था। एलजी ने यह भी कहा कि इस मामले में सीबीआई पहले से ही जांच कर रही है।

### पहले से चल रही सीबीआई जांच : एलजी

उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव और डिविजनल कमिश्नर की सिफापिश पर पहले ही मैंने इस मामले की जांच सीबीआई को भेजी है। बता दें कि इस मामले में मुख्य सचिव नरेश कुमार ने पहले ही किसी भी तरह के भ्रष्टाचार के आरोप से इनकार कर दिया है। बुधवार को अरविंद केजरीवाल ने अपनी मंत्री आतिशी द्वारा तैयार की गई 670 पन्नों की रिपोर्ट उपराज्यपाल को सौंपी थी। इस रिपोर्ट में नरेश कुमार को सस्पेंड करने की मांग की गई थी। दावा किया गया था कि बामनोली जमीन अधिग्रहण मामले में 897 करोड़ रुपये अवैध तरीके से कमाए गए हैं।

# जुए के विवाद में युवक को अगवा कर ईंट से कुचला चेहरा

साहिबाबाद। सोनिया विहार में शुक्रवार शाम पांच बजे से जुए के विवाद में अगवा सतेंद्र उर्फ सिकंदर (30) का ईंट से चेहरा कुचलकर आरोपियों ने कांच से गला रेत दिया। हत्या के बाद उसका शव स्कूटी से पंचशील कॉलोनी में हिंडन एयरफोर्स के पीछे गड्ढे में फेंककर भाग गए। 14 घंटे बाद शनिवार सुबह सात बजे लोगों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी।

घटनास्थल पर टीम को खून से सनी ईंट, कांच व जेब में आधार कार्ड मिला। पिता ने अज्ञात पर हत्या का मुकदमा कराया है। सोनिया विहार में उदयवीर दो बेटे और पत्नी के साथ बेटी पूजा के साथ उसके ससुराल में रहते हैं। छोटा बेटा सतेंद्र बेलदारी करता था जबकि बड़ा बेटा नेतराम भी दिहाड़ी पर काम करता है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम पांच बजे सतेंद्र कुम्हारों के मोहल्ले में जाने की बात कहकर घर से निकला था।

देर रात तक वह नहीं लौटा तो परिवार को चिंता होने लगी। घर के सदस्य आस–पड़ोस और इधर–उधर देखने लगे लेकिन 12 घंटे तक उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। करीब 14 घंटे बाद सुबह सात बजे लोग तलाश करते हुए पंचशील कॉलोनी के गड्ढों में पहुंचे तो वहां शव की बदबू आने से शक हो गया। हिंडन एयरफोर्स की बाउंड्री के नीचे गड्ढे में शव पड़ा था। उसका चेहरा ईंट से बुरी तरह कुचला हुआ था, गले को कांच से काटने के निशान थे। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर डीसीपी और अन्य अधिकारी पहुंचे।

# संपादकीय

## जरूरी हैं पर्यावरणीय मूल्य

जलवायु संकट की वजह से ही हम, मनुष्य द्वारा प्रकृति के साथ किए जा रहे खिलवाड़ पर गौर करने के लिए मजबूर हुए हैं। हालांकि, भारत की पर्यावरणीय समस्याओं के लिए महज ग्लोबल वार्मिंग को जिम्मेवार मान लेना बिल्कुल गलत होगा। उत्तर भारतीय शहरों में तेजी से बढ़ता वायु प्रदूषण, अनियोजित सड़कों व बांधों की वजह से हिमालय क्षेत्र में मची तबाही, भूजल का ज्यादा उपयोग, मिट्टी में रसायनों का बढ़ता असर, जैव विविधता की हानि, ये सभी कारक जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दे रहे हैं। पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं पर दर्जनों किताबें प्रकाशित हुई हैं। लेकिन, यह आलेख एक ऐसी किताब पर फोकस करता है, जो करीब 50 वर्ष से भी ज्यादा पहले प्रकाशित हुई थी। अपेक्षाकृत कम चर्चित रही यह पुस्तक अपने वक्त में तो खैर प्रासंगिक थी ही, यह आज पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक बन गई है।

किताब का नाम है-मैन एंड नेचर : द स्पिरिचुअल क्राइसिस ऑफ मॉडर्न मैन, जिसे उस वक्त तेहरान विश्वविद्यालय के दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर रहे सैय्यद हुसैन नस्र ने लिखा था। अब नब्बे वर्ष के हो चुके नस्र ने एक असामान्य, दिलचस्प और बेहद उत्पादक जिंदगी जी। ईरान में विद्वानों व लेखकों के एक परिवार में जन्मे नस्र ने 1958 में अपने वतन लौटने पहले मेसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और हार्वर्ड में शिक्षा प्राप्त की। पश्चिम से मिल रहे बेहतरीन नौकरियों के कई प्रस्तावों को ठुकराते हुए उन्होंने तेहरान में पढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करने का फैसला किया। वह फ्रेंच और अरबी भाषाओं में लिखते रहे हैं।

हालांकि, 1979 की ईरानी क्रांति के बाद उन्हें अपनी मातृभूमि छोड़कर भागना पड़ा, क्योंकि अयातुल्ला खुमैनी के ईरान में स्वतंत्र विचारों के लिए कोई जगह नहीं थी। उसके बाद से नस्र अमेरिका के विश्वविद्यालयों में पढ़ाने के साथ बौद्धिक इतिहास और तुलनात्मक धर्म के क्षेत्र में लिखना व प्रकाशित होना जारी रखा है। अपनी पुस्तक मैन एंड नेचर की शुरुआत में नस्र टिप्पणी करते हैं कि पश्चिम में पर्यावरण के दुरुपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ रही थी। वहां लोग प्रकृति पर विजय पाने के विचार से मनुष्य और प्रकृति में पैदा हुए असंतुलन से उपजी समस्याओं को दूर करना चाहते थे। वह लिखते हैं कि कुछ लोग सच्चाई का सामना करना चाहते हैं कि समाज में शांति के लिए जरूरी है कि प्रकृति और मनुष्य का रिश्ता युद्ध और आक्रामकता पर आधारित न हो। इस पुस्तक में नस्र ने भले ही पश्चिम और खासकर अमेरिका को संबोधित किया हो, लेकिन विकास की नीतियों में इन्हीं देशों के नक्शे-कदम पर चल रहे भारत और चीन के लिए भी इसमें लिखी बातें महत्वपूर्ण हैं।

प्रोफेसर नस्र का तर्क है कि समस्या की जड़ आधुनिक मनुष्य के विचारों में है, जिसके तहत वह खुद को प्रकृति पर पूर्ण अधिकार, मनचाहे उपयोग या दुरुपयोग और उसे अपने अधीन मानने की सर्वोच्च शक्ति देता है। प्रकृति पर प्रभुत्व जमाने के इसी विचार का नतीजा आज बढ़ती आबादी, शहरी भीड़भाड़, प्राकृतिक संसाधनों की कमी, मशीनों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण का नाश और मानसिक बीमारियों में बेतहाशा वृद्धि के रूप में दिखता है। प्रोफेसर नस्र कहते हैं, प्रकृति पर प्रभुत्व और उसे एक भौतिक इकाई मानने की भावना आधुनिक मनुष्य में घर कर गई है। जब यह भावना मनुष्य के लालच व वासना से जुड़ती है, तो पर्यावरण पर दबाव ज्यादा बढ़ जाता है। चीजों के उपभोग की एक सीमा होती है। लेकिन उन्हें बगैर किसी सीमा के अनंत संभावनाओं वाला समझने की सोच सबसे पहले अमेरिका में फैली।

प्रोफेसर नस्र कहते हैं, मनुष्य की असीमित शक्ति और संभावनाओं को लेकर फैली इस गलत सोच को विकास अर्थशास्त्र ने भी बढ़ावा दिया, जिसमें मनुष्य को पूरी तरह से भौतिक जरूरतों वाला प्राणी माना गया है। आधुनिक विज्ञान और अर्थशास्त्र ने मनुष्य को आध्यात्मिक व नैतिक संयम से दूर कर दिया है। इसी वजह से मनुष्य प्रकृति को उपभोग की वस्तु मानते हुए, उसके प्रति किसी तरह की जिम्मेदारी महसूस नहीं करता।

## आओ त्योहारों के मौसम में छठ पर्व की बेला पर खुशियों से सराबोर होकर नहाए

कुदरत द्वारा रचित इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में रचनाकर्ता ने मानवीय जीवन में अनेक गुण दोषों को शामिल कर संजोया है, इसका उपयोग करने सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता का भी सृजन कर दिया है। बस, जरूरत है अब माननीय जीव को उसे गुण-दोष सुख-दुख खुशियां-गम प्रसन्नता-दुख इत्यादि का चुनाव कर अपने जीवन को सफल और असफल बनाएं उसके ऊपर है, क्योंकि प्रसन्नता और सुख दुख भी बौद्धिक क्षमता के आधार पर माननीय जीव को खुद चुनना होता है! इसलिए आज हम छठ की पावन बेला पर मन की प्रसन्नता पर उसके गुणों, प्रक्रिया सुजन करने के तरीकों पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।


साथियों बात अगर हम छठ पर्व की बेला पर खुशियों से सराबोर होकर नहाने की करें तो, छठ पूजा का त्योहार 17 नवंबर से शुरू हुआ। इस साल छठ पूजा 19 नवंबर को हुई। इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। 20 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और इसी के साथ छठ पूजा का समापन व व्रत पारण किया जाएगा। छठ पर्व की शुरूआत नहाय-खाय के साथ होती है। इसके दूसरे दिन को खरना कहते हैं। इस दिन व्रती को पूरे दिन व्रत रखना होगा। शाम को व्रती महिलाएं खीर का प्रसाद बनाती हैं। छठ व्रत के तीसरे दिन सूर्य देव की पूजा की जाती है। इस दिन महिलाएं शाम के समय तालाब या नदी में जाकर सूर्य भगवान को अर्घ्य देती है। चौथे दिन सूर्य देव को जल देकर छठ पर्व का समापन किया जाता है। इस त्योहार को सबसे ज्यादा बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बंगाल में मनाया जाता है। साथ ही इसे नेपाल में भी मनाया जाता है। इस त्योहार को सूर्य षष्ठी के नाम से भी जाना जाता है। छठ पूजा का पर्व संतान के लिए रखा जाता है। छठ में 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है।

साथियों बात अगर हम माननीय राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 18 नवंबर 2023 को देर शाम छठ पर्व पर बधाई संदेश की करें तो उन्होंने छठ पूजा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा, छठ पूजा के शुभ अवसर पर, मैं सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। छठ सूर्य देव की पूजा को समर्पित पर्व है। यह नदियों, तालाबों और पानी के अन्य स्त्रोतों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर है। प्रकृति से जुड़ा यह पर्व आध्यात्मिक चेतना जगाता है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। छठ पूजा हमें अपने परिवेश को स्वच्छ रखने और अपने दैनिक जीवन में अनुशासन का पालन करने की याद दिलाती है।आइए हम अपने जल संसाधनों और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाकर प्रकृति माँ का सम्मान करने का संकल्प लें। इस शुभ अवसर पर, मैं सभी नागरिकों की खुशी और समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हूं।

साथियों बात अगर हम खुशी के छठ पर्व पर प्रसन्नता की बात करें तो खुलकर हंसना, मुस्कुराना, प्रसन्न रहना, मन की प्रसन्नता खुद सृजित की हुई दवा के समान है, क्योंकि इसमें सब दुख तो नष्ट होते हैं,जीव अपने कर्म में असफल नहीं होता। बुद्धि तुरंत स्थिर रहती है। सामाजिक प्रतिष्ठा और गुणों की सुगंध दूर तक जाती है एक अलग हस्मुख व्यक्तित्व की हमारी छाया हमारे अपने परिचितों सहयोगियों पर पड़ती है। प्रसन्नता हमारा ऐसा अनमोल खजाना है, जिसे जितना लूटाएंगे उतना ही बढ़ता चला जाएगा, खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता की आंखों की चमक मनीषियों को दुर्लभ पूंजी है, क्योंकि प्रसन्नता सुकून से जीने की कुंजी है।

यह खजाना तब बढ़ता है जब हम दूसरों की खुशीयों में अपनी खुशी को समाहित करते हैं। हमें छोटी-छोटी चीजों में प्रसन्नता, सुख ढूंढने की कोशिश करनी चाहिए, विश्वसनीय मन के भाव की खुशी का भाव अभूतपूर्व सफलता और दूरगामी सकारात्मक परिणाम होता है।

# धमाकेदार वापसी की इबारत लिखती कांग्रेस




तनवीर जाफ़री

जिस साम्प्रदायिक व संकीर्ण विचारधारा ने ब्रिटिश दौर-ए-हुकूमत में अंग्रेज़ों की ख़ुशामद परस्ती में कोई कसर बाक़ी नहीं छोड़ी। जिनके आदर्श महापुरुष अंग्रेज़ों से मुआफ़ी मांगते फिरे यहां तक कि जिस विभाजनकारी विचारधारा के लोग राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की हत्या में शामिल रहे, उसी विचारधारा के नेताओं ने विगत एक दशक से देश को कांग्रेस मुक्त बनाने का एक महाअभियान छेड़ रखा है। गांधी की हत्या को सही ठहराने,गांधी के हत्यारे नाथू राम गोडसे को महिमामण्डित करने , देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित नेहरू की चरित्र हत्या करने व उन्हें अपमानित करने, महात्मा गाँधी व भगत सिंह के तथा पंडित नेहरू व सुभाष चंद्र बोस एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल व बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के मध्य मतभेद के मनगढंत क़िस्से गढ़ने व इसे प्रचारित करने में इस दक्षिणपंथी विचारधारा ने अपनी पूरी ताक़त झोंक रखी है। विश्व में गांधी-नेहरू के क़द को छोटा करने के मक़सद से ही कांग्रेस के ही नेता सरदार पटेल की 182 मीटर की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ़ यूनिटी गुजरात राज्य की नर्मदा घाटी के केवड़िया इलाक़े में स्थापित की गयी। इतना ही नहीं बल्कि कांग्रेस के वर्तमान शीर्ष नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी को भी अपमानित करने व इन्हें भयभीत करने व विदेशी व बौना साबित करने तक के सभी प्रयास पूरी क्षमता के साथ किये जा रहे हैं। और इन दिनों कांग्रेस के विरुद्ध पार्टी के राम विरोधी,हिन्दू विरोधी और सनातन विरोधी होने का सबसे बड़ा प्रचार हथकंडा इन्हीं दक्षिणपंथियों द्वारा यह इस्तेमाल किया जा रहा है।

निश्चित रूप से गत एक दशक से भी लंबे समय से चलाई जा रही इस कांग्रेस विरोधी मुहिम का लाभ भी दक्षिणपंथियों को काफ़ी हद तक मिला। यहां तक कि दर्जनों ऐसे बड़े कांग्रेस नेता इसी ना उम्मीदी,सत्ता मोह व भय के चलते दक्षिणपंथी ख़ेमे में जा मिले जिन्हें देश कांग्रेस मुक्त होते दिखाई देने लगा था। परन्तु शायद ही कभी किसी ने सोचा हो कि देश के सर्व सुविधा संपन्न एवं सर्वोच्च राजनैतिक घराने में परवरिश पाने वाले राहुल गांधी 7 सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी से कश्मीर तक की लगभग 3,6श्रश्र श्र किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा पर पैदल ही निकल पड़ेंगे ? और तेज़ धुप बारिश व कड़ाके की ठण्ड का सामना करते हुये देश के 12 राज्यों व दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुज़रने वाली 136 दिवसीय यह भारत जोड़ो यात्रा एक जन आंदोलन का रूप ले लेगी ? ख़ासकर उस वर्तमान दौर में जबकि देश का मीडिया सत्ता के समक्ष षाष्टांग हो चुका हो। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कथित विभाजनकारी राजनीति के ख़िलाफ़ देश को एकजुट करना था। राहुल गांधी ने अपनी इस यात्रा को केंद्र की मूल्य वृद्धि, बेरोज़गारी, राजनीतिक केंद्रीकरण और विशेष रूप से भय, कट्टरता की राजनीति और नफ़रत के ख़िलाफ़ लड़ने के लिए एक सशक्त माध्यम बनाया। इस यात्रा में कांग्रेस के नेताओं





के अतिरिक्त भी दक्षिणपंथी नीतियों का विरोध करने वाले तमान प्रमुख लोग जगह जगह शामिल हुये। इसी यात्रा में राहुल गांधी ने एक प्रचलित वाक्य कांग्रेस को दिया – हम नफ़रत के बाज़ार में मुहब्बत की दुकान खोल रहे हैं।

इसी यात्रा के बाद कांग्रेस के बढ़ते क़द की वजह से ही विपक्षी गठबंधन I. N. D. I. A अस्तित्व में आया जिसने सत्ता की नींदें उड़ा कर रख दीं। अब अपनी ज़मीन खिसकने के डर से सत्ता द्वारा प्रवर्तन निदेशालय,केंद्रीय जांच ब्यूरो व आयकर विभाग जैसी निष्पक्ष समझी जाने वाली सरकारी संस्थाओं का कथित रूप से दुरूपयोग किया जा रहा है। और इनके कथित दुरूपयोग के बाद देश को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि कांग्रेस सहित पूरा का पूरा विपक्ष ही न केवल राम विरोधी है,हिन्दू विरोधी और सनातन विरोधी है बल्कि भ्रष्ट भी है। जबकि अपनी परसाई का ढिंढोरा पीटने वाली इसी भाजपा में कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के ऐसे अनेक नेता शामिल हो चुके हैं जो भ्रष्टाचार के आरोपी थे और ई डी व सी बी आई की संभावित कार्रवाई से भयभीत थे। इन विषम एवं विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस का पुन: अपने प्राचीन तेवरों में आना किसी राजनैतिक चमत्कार से कम नहीं।

भाजपा के साथ साथ I.N.D.I.A गठबंधन के अखिलेश यादव,ममता बनर्जी व अरविंद केजरीवाल जैसे नेता भले ही कांग्रेस की बढ़ती ताक़त से होने दूरगामी राजनैतिक स्वार्थवश चिंतित क्यों न हों परन्तु कांग्रेस ने I. N. D. I. A गठबंधन की गतिविधियों को राजस्थान,छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश व तेलंगाना जैसे राज्यों में हो रहे ताज़ातरीन विधान सभा चुनावों तक फ़िलहाल स्थगित रखने का जो सन्देश दिया है उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस अब इन राज्यों में आने वाले परिणामों के बाद पार्टी अपने I. N. D. I. A सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा शुरू करेगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार उत्तर प्रदेश में लगभग हाशिये पर जा चुकी कांग्रेस एक बड़ा खेल खेलने की तैयारी में है। संजय गांधी के सुपुत्र एवं भाजपा सांसद वरुण गांधी से गत 7 नवम्बर को केदारनाथ मंदिर के प्रांगण में मंदिर के पुजारी के घर एकांत में हुई संक्षिप्त गुप्त वार्ता के बाद इस चर्चा ने ज़ोर पकड़ लिया है कि वरुण गांधी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। यदि वरुण कांग्रेस में शामिल होते हैं तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति अपेक्षकृत काफ़ी मज़बूत हो सकती है। हालांकि भाजपा ने शुरूआती दौर में वरुण गाँधी द्वारा दिये गये उनके कुछ विवादित बयानों के बाद उन्हें हिन्दू युवा नेता के रूप में प्रचारित करने की कोशिश ज़रूर की थी। परंतु वरुण भाजपा की उस उम्मीद पर इसलिये खरे नहीं उतर सके क्योंकि उनके डी एन में ही नेहरू गांधी परिवार का धर्मनिरपेक्षता का रक्त प्रवाहित हो रहा है न कि संघ की विचारधारा का। वैसे भी नेहरू-गांधी परिवार को इस हद तक अपमानित करने के बाद वरुण गांधी का भाजपा में और देर तक बने रहना भी स्वाभाविक प्रतीत नहीं होता।

इसी तरह कांग्रेस पार्टी,तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को लेकर भी कोई चौंकाने वाला क़दम उठा सकती है। ग़ौर तलब है कि इस समय उद्योगपति गौतम अडानी की कथित आर्थिक अनियमिताओं को लेकर जितना राहुल गांधी मुखरित हैं उतना किसी अन्य घटक का कोई नेता नहीं। हाँ दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल और आप सांसद संजय सिंह के बाद सांसद महुआ मोइत्रा ने ज़रूर इस विषय पर अपनी आवाज़ बुलंद की। इसके बाद राहुल की संसद की सदस्य्ता समाप्त करने से लेकर संजय सिंह का जेल जाना,अरविन्द केजरीवाल पर जेल जाने की तलवार लटकने से लेकर महुआ मोइत्रा की सांसदी छीनने के प्रयास तक,सब कुछ देश देख रहा है। साथ ही यह भी सर्वविदित है कि महुआ मोइत्रा के समर्थन में उनके साथ खड़े होने की जो भूमिका उनकी पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को अदा करनी चाहिये वह भूमिका राहुल गांधी ने अदा की। ख़बरों केअनुसार अडानी पर ममता की ख़ामोशी उनकी मजबूरी है क्योंकि अडानी बंगाल में विश्व के दूसरे सबसे बड़े कोल ब्लॉक को हासिल करने की कोशिश में हैं।वीरभूम ज़िले का देउचा पचामी कोयला ब्लॉक विश्व का दूसरा सबसे बड़ा कोल ब्लॉक है। इसे लेकर ममता के साथ अडानी व उनके पुत्र की भी मुलाक़ात होने की ख़बर आई थी। इसीलिये तृणमूल कांग्रेस न तो महुआ के समर्थन में सामने आई न ही उनका विरोध किया जबकि राहुल गांधी इस मुद्दे पर पूरी तरह महुआ मोइत्रा के साथ खड़े दिखाई दिये। तभी से इस चर्चा ने भी ज़ोर पकड़ लिया है कि क्या महुआ मोइत्रा कांग्रेस में शामिल होकर बंगाल में दशकों बाद कांग्रेस को एक आक्रामक व जुझारू नेता मिलने की संभावना है ? यदि ऐसा हुआ तो बंगाल में भी कांग्रेस की स्थिति पहले से काफ़ी बेहतर हो सकती है। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश की जीत के बाद राजस्थान,छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश व तेलंगाना आदि राज्यों में हो रहे ताज़ातरीन विधान सभा चुनावों में कांग्रेस के बुलंद हौसले और संगठनात्मक मज़बूती के लिये उत्तर प्रदेश से लेकर बंगाल तक कांग्रेस द्वारा रचे जा रहे चक्रव्यूह से यह सवाल उठना लाज़िमी है कि क्या कांग्रेस धमाकेदार वापसी की इबारत लिखने जा रही है ?

## घर में सुख समृद्धि लाए आंवला नवमी की उपासना

सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

इस पर्व का प्रारंभ कार्तिक माह से होता है। यह पूरे एक माह अर्थात पांच सप्ताहों तक चलता रहता है। हर गुरुवार को इसकी पूजा की जाती है। अत: हर गुरुवार आने के पूर्व संध्या पर सभी लोग अपने अपने घरों को लीप पोतकर साफ सुथरा करते हैं एवं घर के कमरों में छूही की माटी से सफेद रंग बनाकर तरह तरह के सजावटी आकृतियां बनाते हैं फिर दूसरे दिन की पूजा पाठ की तैयारियां करते हैं। कहा जाता है कि कार्तिक माह के लगते ही आंवला का दान करना बहुत पुण्य देता है। इस संदर्भ में एक पुरानी कहानी बताई जाती है कि जो इस प्रकार है –

किसी समय एक गांव में एक बुढ़िया रहती थी। उसके चार बेटे व चार पुत्रियां था। उस बुढ़िया के घर में आंवले का बहुत बड़ा पेड़ था। जिसमें फलने वाले आंवला को हमेशा वह %दूसरों को देती रहती थी। दान पुण्य करने में बुढ़िया कभी पीछे नहीं रहती थी। इस आदत को देखकर उसकी बहुएं उससे बहुत चिढ़ा करती थी एवं आंवला दान करने से हमेशा मना करती थी एक दिन बहुओं ने उसे घर से निकाल दिया। बुढ़िया मजबूर होकर आंटे के छोटे छोटे ( आंवले ) गोले बनाकर दान करने लगी। व हमेशा भगवत पूजा पाठ में ध्यान लगाती रही। उसके इसी भक्ति भावना और साधना से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु एक दिन प्रगट होकर उससे कहते हैं-मैं तुम्हारी भक्ति से अत्यंत प्रसन्न हूं! और भगवान की कृपा से उस बुढिया की झोपड़ी महल में बदल जाती है। जहां अनेक नौकर चाकर, धन, सोना चांदी अनेक कीमती आभूषण सभी कुछ था। बुढ़िया अपने महल में पूरी सुख सुविधा के साथ भगवत् पूजा में रम गयी। उधर उसके चारों बेटों का कारोबार ठप्प हो गया। चारों बहुएं दाने दाने को मोहताज हो गईं। अपनी गरीबी की हालत के कारण बहुओं को भी घर से निकल कर काम ढूंढना पड़ गया। संयोग से एक बहू अपने सास के महल में ही काम मांगने पहुंची। बुढ़िया ने अपनी बहु को तुरंत पहचान लिया और उसे अपने महल में नौकरानी रख लिया। बुढ़िया की बहु उसे नहीं पहचान पाई। एक दिन बुढ़िया ने उसे पैर दबाने को कहा तब पैर दबाते वक्त वह नौकरानी बुढ़िया के पैर में तील देखकर रोने लगी। बुढ़िया ने उससे पूछा कि क्यों रो रही है तब उसने कहा मेरी सास के पैर में भी इसी प्रकार का तील था जब से हमने उन्हें घर से भगा दिया, तब से हमारे घर में दरिद्रता आ गई है। बुढ़िया ने आगे पूछा- क्या तुम लोगों ने अपनी सास को कोई खोज खबर ली है ? तब बहु ने उत्तर दिया कि हम लोगों ने उन्हें बहुत ढूंढा, पर वे नहीं मिली। आखिरकार बुढ़िया को अपनी बहु पर दया आ गई, फिर उसने अपना भेद खोलते हुये उसे बताया कि मैं ही तुम्हारी वो सास हूं। उसकी बहु यह जानकर उससे अपने किये की माफी मांगने लगी। बुढ़िया ने उन्हे माफ कर दिया। और सभी बेटे बहुओं को बुलाकर अपने साथ रख लिया। उनका घर फिर एक बार खुशियों से भर गया। बस तभी से इस आंवला नवमी की पूजा घर की सुख समृद्धि एवं शांति के लिये की जाती है।

हम ना होंगे तो क्या होगा।
मैं ना रहूंगा तो क्या होगा।
सब कुछ वही होगा
जो होता आया है।
समय के आप एक पल,
एक क्षण, समय समग्र।
यह मन की एक मिथ्या,
दिग्भ्रम,द्व मेरे ना रहने से क्या होगा।
एक सितारे के टूटने से
आसमान खाली नहीं होता।
जुगनू के रहने ना रहने से
रात का अंधेरा नहीं छटता।
मेरा अहम, मेरा मुगालता
केवल मिथ्या और भ्रम,
श्रेष्ठ सबसे मानव धर्म।
कर्म ही मानव का
अंतिम सत्य और धर्म है।
मैं और मेरे होने का मतलब
एक जीव का संसार में होना,
नहीं होना, एक जंतु के होने,
नहीं होने जैसा है। सम्राट अशोक जी
युद्ध के बाद बुद्ध की शरण में आए थे,
मिथ्या से सत्य की खोज में,
शरणागत । मेरा होना और ना होना,
शून्य के होने के समान,
जिव्हा से निकले शब्द
कमान से निकला तीर
शरीर से निकले प्राण,
सब कुछ लगभग नश्वर,
मेरा और आपका होना
तब तक ही सार्थक है,
जब तक जीवन,
जीव, प्रकृति और
मानव कल्याण
को समर्पित।
स्वयं के लिए जीना
महज स्वार्थ, निजता,
जीव जंतु
सदृश्य व्यर्थ और
अनुपयोगी,
ब्रह्मविलीन है।
मैं और हम का
व्यर्थ प्रलाप छोड़िए,
ईश्वर और समय ही
सर्वशक्तिमान है।

# सूर्य भगवान की उपासना का पर्व है छठ पूजा



रमेश सर्राफ धमोरा

छठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है। भारत में सूर्य पूजा की परम्परा वैदिक काल से ही रही है। हिंदुओं के सबसे बड़े पर्व दीपावली को पर्वों की माला माना जाता है। पांच दिन तक चलने वाले ये पर्व छठ पूजा तक चलते है। उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाया जाने वाला यह बेहद अहम पर्व है जो पूरे देश में धूम-धाम से मनाया जाता है। छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं है बल्कि महापर्व है जो कुल चार दिन तक चलता है। नहाय खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने तक चलने वाले इस पर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है।

ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत सूर्य है। इस कारण हिन्दू शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है। कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ पूर्वोत्तर भारत के लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी आराधना करते हैं। छठ पूजा हिन्दुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर छठ पूजा के दिन सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है। छठ पूजा का महत्व बहुत ज्यादा है। यह व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से नि:संतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है।

छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते है। व्रत के पहले दिन को नहा-खा कहते हैं। जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन आजकल पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं।

छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है।

हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है। जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं। यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं।

छठ पर्व की परम्परा में वैज्ञानिक और ज्योतिषीय महत्व भी छिपा हुआ है। षष्ठी तिथि एक विशेष खगोलीय अवसर है। जिस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य रहता है और दक्षिणायन के सूर्य की अल्ट्रावॉइलट किरणें धरती पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं। इन दूषित किरणों का सीधा प्रभाव जनसाधारण की आंखों, पेट, त्वचा आदि पर पड़ता है। इस पर्व के पालन से सूर्य प्रकाश की इन पराबैंगनी किरणों से जनसाधारण को हानि न पहुंचे। इस अभिप्राय से सूर्य पूजा का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। इसके साथ ही घर-परिवार की सुख- समृद्धि और आरोग्यता से भी छठ पूजा का व्रत जुड़ा हुआ है। इस व्रत का मुख्य उद्देश्य पति, पत्नी, पुत्र, पौत्र सहित सभी परिजनों के लिए मंगल कामना से भी जुड़ा हुआ है।

छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी। महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था। द्रौपदी ने भी हस्तिनापुर से निकलकर गढ़ गंगा में छठ पूजा की थी। छठ पूजा का सम्बंध हठयोग से भी है। जिसमें बिना भोजन ग्रहण किए हुए लगातार पानी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे शरीर के अशुद्ध जीवाणु परास्त हो जाते हैं।

लोक परम्परा के मुताबिक सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है। इसलिए छठ के मौके पर सूर्य की आराधना फलदायी मानी गई। छठ पूजा अथवा छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। छठ से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं और लोक गाथाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि भारत के आदिकालीन सूर्यवंशी राजाओं का यह मुख्य पर्व था। छठ के साथ स्कंद पूजा की भी परम्परा जुड़ी है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कंद की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा रक्षा की थी। इसी कारण स्कंद के छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा। कार्तिक से संबंध होने के कारण षष्ठी देवी को स्कंद की पत्नी देवसेना नाम से भी पूजा जाने लगा।

एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरुआत महाभारत काल में हुई थी। जिसकी शुरुआत सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके की थी। कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। छठ पर्व के बारे मे एक कथा और भी है। इस कथा के मुताबिक जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए तब दौपदी ने छठ व्रत रखा था। इस व्रत से उनकी मनोकामना पूरी हुई थी और पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था।

महापर्व छठ हिंदू धर्म में एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयाचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की अराधना की जाती है। पर्व का प्रारंभ नहाय-खाय से होता है, जिस दिन व्रती स्नान कर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी का भोजन करते हैं। नहाय-खाय के दूसरे दिन यानी कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी के दिनभर व्रती उपवास कर शाम में रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस पूजा को खरना कहा जाता है। इसके अगले दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को उपवास रखकर शाम को अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसके अगले दिन यानी सप्तमी तिथि को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करके व्रत तोड़ा जाता है।

छठ पूजा के व्रत को जो भी रखता है। वह इन दिनों में जल भी नही ग्रहण करता है। इस व्रत को करने से सुख-समृद्धि और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस पूजा वैसे तो मुख्य रुप से सूर्य देवता की पूजा की जाती है। लेकिन साथ ही सूर्य देव की बहन छठ देवी की भी पूजा की जाती है। जिसके कारण इस पूजा का नाम छठ पूजा पड़ा। इस दिन नदी के तट में पहुंचकर पुरुष और महिलाएं पूजा-पाठ करते है। साथ ही छठ माता की पूजा को आपके संतान के लिए भी कल्याणकारी होती है।

## शार्ट न्यूज

### आसान नहीं होगा पर्सनल और क्रेडिट कार्ड लेना

नई दिल्ली। (पी एम ए) आप हम और कई लोग अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्सनल लोन लेते है और कई लोग क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते है। वैसे ये दोनों ही सुविधा लोगों को पहले आसानी से मिल जाती थी। लेकिन अब आरबीआई ने दोनों के लिए ही नियम कड़े कर दिए है। ऐसे में अब आपको पर्सनल लोन लेना और क्रेडिट कार्ड लेना मुश्किल हो सकता है। आरबीआई ने बैंकों और नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी के अनसिक्योर्ड लोन पोर्टफोलियों से जुड़े नियमों को कड़ा कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के अनसिक्योर्ड लोन को लेकर एक रिलीज जारी की थी। इसमें कहा कि अब बैंकों और नॉन बैंकिंग कंपनियों को अनसिक्योर्ड लोन पोर्टफोलियो के लिए ज्यादा पूंजी अलग रखने की आवश्यकता होगी। यह पूंजी पहले से 25 फीसदी ज्यादा होगी। जहां पहले 100 फीसदी अलग पूंजी रखी जाती थी, वहीं अब बैंकों और नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों को 125 फीसदी कैपिटल अलग रखने की जरूरत होगी। मीडिया रिपोटर्स की माने तो पिछले कुछ समय में पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड में तेजी से ग्रोथ देखी गई है। वहीं डिफॉल्ट के मामले भी ज्यादा आए और समय पर पेमेंट के मामले कम हुए है ऐसे में आरबीआई ने इस तरह के लोन के नियम को सख्त किया है।

### यूरोप-यूएस छोड़ लौट रहे उद्यमी

सिंगापुर। नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनी के पूर्व अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव ने भारत की तेज आर्थिक तरक्की पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय इकोनॉमी का आकार लगातार बढ़ रहा है। विकास की संभावनाओं को देखते हुए यूरोप और अमेरिका में रहने वाले उद्यमी भारत वापस लौट रहे हैं। 15-17 नवंबर तक सिंगापुर फिनटेक महोत्सव में सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, विदेश जा चुके अधिक से अधिक भारतीय उद्यमी भारत वापस आ रहे हैं। भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और बड़े अवसर मिल रहे हैं। नैसकॉम के सह-संस्थापक और पद्मश्री सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, आज, अधिक से अधिक भारतीय उद्यमी यूरोप और अमेरिका ने वापस लौटने के बाद उन बाजारों में सफलता हासिल कर रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और अवसर बड़े हैं और सरकार उद्यमियों पर बहुत केंद्रित है। श्रीवास्तव ने कहा कि वह भारतीय अर्थव्यवस्था को दोहरे अंक में बढ़ते देखना चाहते हैं, हालांकि फिलहाल मौजूदा जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत पर स्थिर है। लगभग 150 स्टार्टअप को वित्त पोषित कर चुके सौरभ ने कहा कि 1.4 बिलियन की बड़ी आबादी को देखते हुए, भारत में आर्थिक विकास को चलाने के लिए दस लाख स्टार्टअप होने चाहिए।

### आल्टमैन की ओपनएआई में हो सकती है वापसी

वॉशिंगटन। ओपनएआई के कई निवेशक सैम आल्टमैन के समर्थन में आ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ओपनएआई के कुछ निवेशक बोर्ड सदस्यों पर दबाव बना रहे हैं कि वह सैम आल्टमैन को सीईओ पद से हटाने का फैसला वापस लें। जो निवेशक बोर्ड सदस्यों पर दबाव बना रहे हैं, उनमें थ्राइव ग्लोबल का नाम सामने आ रहा है। थ्राइव ग्लोबल ओपनएआई के सबसे बड़े निवेशक माइक्रोसॉफ्ट से भी बात कर रहा है। सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि सैम आल्टमैन भी ओपनएआई में वापस आने के लिए तैयार हैं और इसकी संभावना इसलिए भी है क्योंकि मौजूदा बोर्ड के सदस्य अगर अपने पदों से हट जाते हैं तो सैम आल्टमैन की वापसी की संभावना बन सकती है। हालांकि अभी तक कुछ भी तय नहीं है और सिर्फ पर्दे के पीछे से बातचीत हो रही है। इसे लेकर माइक्रोसॉफ्ट, थ्राइव ग्लोबल या ओपनएआई की तरफ से ही कुछ भी प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। सैम आल्टमैन को ओपनएआई के सीईओ पद से हटाने के लिए बोर्ड सदस्यों को काफी आलोचना झेलनी पड़ रही है और अचानक से सैम आल्टमैन की विदाई से निवेशकों के साथ ही खुद आल्टमैन भी हैरान बताए जा रहे हैं।

### शीतकालीन सत्र के एजेंडा में ज्यादा नकदी की मांग की संभावना कम

वित्त वर्ष 2023-24 में अनुदान के लिए पहली पूरक मांग संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश की जानी है। इसमें बहुत ज्यादा अतिरिक्त नकदी की मांग पेश किए जाने की संभावना नहीं है, क्योंकि सरकार नॉमिनल जीडीपी वृद्धि सुस्त होने के कारण राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.9 प्रतिशत रखने के लक्ष्य पर कायम रहना चाहती है। वित्त मंत्रालय के अधिकारी ने बताया, 'हम प्रावधानों में मामूली बदलाव देख रहे हैं। हम विभागों के साथ संशोधित अनुमानों पर चर्चा पूरी कर चुके हैं और इसके आधार पर अनुपूरक मांग तैयार करेंगे। मुझे नहीं लगता है कि अभी बड़े नकदी प्रवाह की उम्मीद है।' मिजोरम, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के चुनाव परिणाम दिसंबर को घोषित किए जाने के अगले दिन 4 दिसंबर से 22 दिसंबर तक संसद का शीतकालीन सत्र होगा। इन 19 दिनों में 15 बैठकें होंगी। यह इस लोकसभा का दूसरा सबसे छोटा शीतकालीन सत्र होगा। अनुपूरक मांगों में व्यय के नए मद (नई सेवाएं) शामिल होते हैं जो बजट में शामिल नहीं थे। इसमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और योजनाओं में बढ़ा खर्च जैसे ग्रामीण रोजगार योजना व खाद्य सब्सिडी शामिल हैं। विभागों के अनुरोध को अस्वीकार करने से खर्चे में कटौती आती है।

### भारत की वृद्धि गाथा का हिस्सा बनने को यूरोप-अमेरिका से लौट रहे उद्यमी

उद्योग मंडल नैसकॉम के पूर्व चेयरमैन सौरभ श्रीवास्तव ने कहा है कि यूरोप और अमेरिका से अधिक से अधिक भारतीय उद्यमी स्वदेश लौट रहे हैं, क्योंकि यहां अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और बड़े अवसर हैं। नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनी (नैसकॉम) के सह-संस्थापक श्रीवास्तव ने सिंगापुर में 15-17 नवंबर तक चले सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल के बीच कहा, आज अधिक से अधिक भारतीय उद्यमी यूरोप और अमेरिका से भारत वापस आ रहे हैं और उन्होंने सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और अवसर बड़े हैं और सरकार उद्यमियों का बहुत ध्यान रख रही है। श्रीवास्तव ने कहा कि वह भारतीय अर्थव्यवस्था को दहाई अंक में बढ़ते देखना चाहते हैं। हालांकि यह मौजूदा 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर पर स्थिर है। पद्म श्री पुरस्कार विजेता श्रीवास्तव ने लगभग 150 स्टार्टअप को वित्त पोषित किया है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब की बड़ी आबादी को देखते हुए भारत में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए दस लाख स्टार्टअप होने चाहिए। उन्होंने कहा, भारतीय दुनिया के सबसे प्रेरणादायक लोगों में से हैं और हमें तेज गति से आगे बढ़ने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए।

### यूपी 7.5 लाख करोड़ की 8000 परियोजनाओं को शुरू करने के लिए तैयार

वैश्विक निवेशक सम्मेलन (जीआईएस) और उसके बाद के महीनों में आए 39.52 लाख करोड़ रुपये के भारी भरकम निवेश प्रस्तावों के बाद अब उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरु करने का लक्ष्य रखा है। इसी साल फरवरी में हुए जीआईएस के बाद अब तक 8 महीनों में 7.16 लाख करोड़ रुपये के 8961 निवेश की परियोजनाएं धरातल पर उतरने के लिए तैयार हैं। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि जीआईएस में 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे जो अब बढ़कर 39.52 लाख करोड़ रुपये के हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक सम्मेलन के बाद भी प्रदेश में निवेशकों का आना लगातार बना हुआ है और करीब 6 लाख करोड़ रुपये के निवेश को लेकर करार पर हस्ताक्षर तो बीते आठ महीनों में किए गए हैं। जीआईएस के दौरान 29066 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे। निवेश प्रस्तावों की जिला व विभागवार समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैन्युफेक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, ईवी, टेक्सटाइल, डेटा सेंटर, फूड प्रोसेसिंग, सर्कुलर इकॉनमी, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित हर सेक्टर में उद्यमियों ने रुचि दिखायी है। निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए जरूरी है कि निवेशकर्ता से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखा जाए। उनकी जरूरतों, अपेक्षाओं का तत्काल समाधान हो।

# छठ पूजा के चार दिनों में देश में लगभग आठ हज़ार करोड़ रुपये का हुआ व्यापार

नयी दिल्ली ,19 नवंबर(वार्ता) सत्रह नवंबर को नहाय-खाय से शुरू होकर तथा 20 नवम्बर तक चलने वाले चार दिवसीय छठ पूजा महोत्सव के दौरान बिहार और झारखंड के अलावा अन्य राज्यों में बसे बिहार के लोगों ने बेहद उत्साह एवं उमंग के साथ छठ पूजा पर विभिन्न राज्यों के रिटेल बाज़ारों से लगभग आठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक के सामान की ख़रीदी की।

आँकड़े के अनुसार देश भर में लगभग 20 करोड़ से अधिक लोग छठ पूजा कर रहे हैं जिनमें स्त्री, पुरुष के अलावा युवा तथा बच्चे सभी शामिल हैं। कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) जो इस वर्ष हर त्योहार के बिक्री के आँकड़े जारी कर रहा है, ने छठ पूजा की बिक्री के आँकड़े आज जारी करते हुए कहा कि छठ पूजा भारत की लोक संस्कृति का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है जो नहाय खाय से शुरू होकर चार दिनों में पारण पर समाप्त होता है। यह भारत की संस्कृत एवं सभ्यता है कि जहां छठ पूजा के दौरान उगते सूर्य के साथ पहले डूबते सूर्य की पूजा की जाती है जो इस बात को स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि उगते के साथ तो सब होते हैं लेकिन भारत के लोग डूबते का भी सहारा बनते हैं।




कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि बिहार और झारखंड के अलावा यह त्योहार पूर्वी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी ज़ोर शोर से मनाया जाता है क्योंकि इन सभी राज्यों में बिहार के लोग बड़ी संख्या में काम करते हुए अपनी आजीविका अर्जित करते हैं। भरतिया और श्री खंडेलवाल ने बताया कि छठ पूजा के लिए जहां फल एवं फूल तथा सब्ज़ी की बिक्री बड़े पैमाने पर हुई वहीं वस्त्र, साड़ियाँ, गारमेंट, श्रृंगार की वस्तुएँ, खाद्यान, आटा, चावल, दालें ज़ाहिद खाद्यान वस्तुएँ, सिंदूर, सुपारी, छोटी इलायची एवं सहित पूजा का सामान, नारियल, आम की लकड़ी, मिट्टी के चूल्हे, देसी घी सहित अन्य सामान की ज़बरदस्त बिक्री हुई। छठ पूजा का व्रत महिलाएं अपनी संतान और पति की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना को लेकर करती हैं। इस पूजा में लंबा सिंदूर पति के लिए बेहद शुभ माना जाता है और इसलिए छठ पूजा के दौरान महिलाएं नाक से मांग तक सिंदूर लगाती हैं। ऐसा माना जाता है महिलाएं जितना लंबा सिंदूर लगाती हैं उनके पति की आयु ही लंबी होती है। छठ पूजा के बाद अब त्योहारों की श्रृंखला 23 नवम्बर को समाप्त होगी जब देश भर में तुलसी विवाह बड़े पैमाने पर मनाया जायेगा और उसी दिन से देश में शादियों का सीजन भी शुरू हो जाएगा ।

# एक दशक का हुआ ताइवान एक्सीलेंस गेमिंग कप

नयी दिल्ली। ताइवान एक्सीलेंस गेमिंग कप (टीईजीसी) 2023 ने अपनी रोमांचक 10वीं वर्षगांठ का ग्रैंड फिनाले मनाया है। भारत की सबसे लंबे समय तक चलने वाली ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप अब सामान्य समारोहों की सीमाओं को पार कर एक दशक की गेमिंग उत्कृष्टता का विशाल उत्सव बन गया है। समावेशिता पहल में अग्रणी रहते हुए टीईजीसी ने इस यात्रा के दौरान प्रसिद्ध गेमिंग इनफ्लुएंसर्स को एकजुट किया और आज ताइवान के बेहतरीन गेमिंग उत्पादों का प्रदर्शन मंच बन गया है।

यात्रा के इस पड़ाव पर, टीईजीसी एक ऐसा मंच है जो व्यक्तियों और समुदायों दोनों पर गेमिंग के सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार कर उसका स्वागत करता है। गेमिंग और तंदुरुस्ती के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के बीच संबंध को प्राथमिकता देते हुए यह मंच केवल कौशल और प्रतिस्पर्धा से आगे बढ़ता है और सक्रिय रूप से दुनिया भर के उत्साही लोगों के बीच एक स्वस्थ एवं समावेशी जीवनशैली को प्रोत्साहित करता है।

टीईजीसी 2023 क्वालिफायर जो 28 सितंबर से 22 अक्टूबर तक आयोजित हुआ, उसमें अंतिम चैंपियंस




के नियमित खिलाड़ियों को आराम दिया गया था। ग्रैंड फिनाले में, विजेता टीमों के बीच पुरस्कार वितरित किए गए, जिनमें लीगेसी ई-स्पोर्ट्स, काउंटर स्ट्राइक 2 के लिए गॉड्स रेन, कॉल ऑफ ड्यूटी मोबाइल के लिए टीडब्ल्यूओबी और गॉडलाइक ई-स्पोर्ट्स शामिल थे। इस साल की चैंपियनशिप को अग्रणी ताइवानी ब्रांडों से भी पर्याप्त समर्थन मिला, जो गेमिंग और लाइफस्टाइल उत्पादों में अपनी उत्कृष्टता के लिए जाने जाते हैं। इनमें एआईएफए, एनीज वे, एओआरयूएस, एरोमेज, साइबरपावर, डी-लिंक, डीसी मास्क, डर्मा एंजेल, जी. स्किल, इन विन, आईपीईवीओ, एमएसआई, प्रीडेटर, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स, थर्मलटेक, टोकुयो, ट्रांसेंड, विक्टर, एक्सपीजी, ज़ोवी, ज़िक्सेल आदि शामिल हैं। ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम में स्नैक्स और क्रुतिका जैसे गेमिंग उद्योग के लोग मौजूद थे।

इस वर्ष एक उल्लेखनीय पहल के तौर पर टीईजीसी ने भारत की शीर्ष महिला गेमर्स के लिए डिजाइन की गई एक प्रतियोगिता शुरू की। इस आयोजन में दो महिला गेमर टीमों के बीच सीएस 2 का एक विशेष मैच दिखाया गया। यह प्रतियोगिता ई-स्पोर्ट्स की दुनिया में महिलाओं की उल्लेखनीय प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए समर्पित थी, जो गेमिंग समुदाय के भीतर समावेशिता और विविधता के बारे में एक मिसाल बन गई।

पिछले एक दशक में, टीईजीसी भारतीय ई-स्पोर्ट्स परिदृश्य में एक आधारशिला बन गई है, जिसने खुद को देश के संपन्न ई-स्पोर्ट्स क्षेत्र में एक अग्रणी शक्ति के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। इसके वार्षिक आयोजन में हर साल प्रतिभागियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। इसके उद्घाटन संस्करण में लगभग 565 प्रतिभागी थे, जबकि 10वें संस्करण में 27,789 से अधिक प्रतिभागियों की प्रभावशाली उपस्थिति देखी गई।

भारत में टीईजीसी की यात्रा के बारे में भारत में ताइपे आर्थिक और संस्कृति केंद्र के आर्थिक प्रभाग की कार्यकारी निदेशक, एस्टेला चेन ने कहा, टीईजीसी भारत के ई-स्पोर्ट्स परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी शक्ति रही है। पिछले दशक में, हमने विकास, उत्कृष्टता और समावेशिता की एक उल्लेखनीय यात्रा पूरी की है। हमें भारत के गतिशील ई-स्पोर्ट्स परिदृश्य को आकार देने, महत्वाकांक्षी गेमर्स की प्रतिभा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर गर्व है और हम एक आशाजनक भविष्य की आशा करते हैं, जहां टीईजीसी भारतीय गेमिंग-वर्ल्ड को आगे बढने् के लिए गेमर्स को प्रेरित करना और नवाचार करना जारी रखेगा। ताइवान एक्सीलेंस दोनों देशों के बीच सभी क्षेत्रों में सहयोग में सहायता के लिए भारत में सर्वश्रेष्ठ मेड इन ताइवान पेश करता रहेगा।

# भारतीय अर्थव्यवस्था चार ट्रिलियन डॉलर के पार

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से आज का दिन यादगार बन गया जब भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर के पार निकल गई।

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। भारत की जीडीपी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार वृद्धि हुई है। 2021 में, भारत की जीडीपी 3.2 ट्रिलियन डॉलर थी, 2022 में, यह बढ़कर 3.6 ट्रिलियन डॉलर हो गई और 2023 में, यह बढ़कर 4 ट्रिलियन डॉलर हो गई। जर्मनी अभी दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जर्मनी की अर्थव्यवस्था अभी 4.28 ट्रिलियल डॉलर है।

चालू वर्ष में अब तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार में 28.1 अरब डॉलर की वृद्धि हो चुकी है।

इस बीच देश की आर्थिक तरक्की को लेकर सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है।

देश की इस तरक्की के लिए प्रधानंमत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी जा रही है। सोशली मीडिया प्लेटफॉर्म पर अधिकांश यूजर कह रहे हैं कि मोदी हो तो सबकुछ मुमकिन हैं।

इसके अलावा देश के दिग्गज उद्यमी, नेता और दिग्गज हस्तियां भी प्रधानमंत्री की प्रशंसा कर रही है।केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत के लिए यह वैश्विक गौरव का क्षण है क्योंकि हमारी जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नए भारत का उदय। नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व वास्तव में अद्वितीय है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस आर्थिक तरक्करी के लिए पीएम मोदी की जमकर तारफी की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, गतिशील, दूरदर्शी नेतृत्व ऐसा दिखता है।

खूबसूरती से प्रगति कर रहा हमारा नयाभारत ऐसा ही दिखता है। मेरे साथी भारतीयों को बधाई क्योंकि हमारा राष्ट्र 4 ट्रिलियन अरब डॉलर जीडीपी के आंकड़े को पार कर गया है। आपको अधिक शक्ति, आपका अधिक सम्मान, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी।

# बीते सप्ताह खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा सप्ताहांत पर 128 रिंगिट उबलकर 3805 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.36 सेंट की तेजी के साथ 51.98 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सरसों तेल 293 रुपये, मूंगफली तेल 146 रुपये और सूरजमुखी तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि पाम ऑयल 66 रुपये और वनस्पति तेल 66 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं, सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13333 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19926 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12234 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11062 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8200 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल में 200 रुपये और अरहर दाल में 500 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर शेष दालों के भाव में टिकाव रहा।

सप्ताहांत पर चना 6050-6150, दाल चना 7050-7150, मसूर काली 7650-7550, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रूख रहा। साप्ताहांत पर गेहूं 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2800-2900 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। चीनी और गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# कच्चे तेल में गिरावट और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में नरमी से बाजार में रहेगी तेजी

मुंबई। महंगाई में कमी आने से निकट भविष्य में ब्याज की ऊंची दरों में कटौती की उम्मीद में हुई ज़बरदस्त लिवाली कि बदौलत बीते सप्ताह करीब डेढ़ प्रतिशत की बढ़त में रहे घरेलू शेयर बाजार में अगले सप्ताह कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में नरमी से तेजी रह सकती है।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 890.05 अंक अर्थात् 1.4 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 65794.73 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 306.45 अंक यानी 1.6 प्रतिशत उछलकर 19731.80 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयर भी लाभ में रहे। इससे मिडकैप 814.45 अंक अर्थात् 2.5 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 33380.58 अंक और स्मॉलकैप 1219.87 अंक यानी 3.2 प्रतिशत मजबूत होकर 39598.63 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के अनुसार, विश्व बाजार के सकारात्मक रूख और




महंगाई के कमी आने के आंकड़ों के बीच भारतीय व्यापक आर्थिक संकेतकों से उत्साहित घरेलू बाजार ने बीते सप्ताह का अंत मजबूत रुख के साथ किया। अमेरिका, ब्रिटेन और घरेलू स्तर पर उम्मीद से कम महंगाई के आंकड़ों ने ब्याज की ऊँची दरों के दौर के समाप्त होने की उम्मीद जगाई है। इस भावना ने बाजार में विशेषकर छोटे और मिडकैप शेयरों में तेजी आई है।

साथ ही आईटी और फार्मा जैसे निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों के प्रति भरोसा बढ़ने से खर्च बढ़ने की उम्मीद है वहीं त्योहारी सीजन के दौरान ऑटो और रियल एस्टेट क्षेत्रों को फायदा हुआ। हालांकि सप्ताह के अंत में, असुरक्षित ऋणों के लिए जोखिम भार बढ़ाने के रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फैसले से बैंकिंग समूह के शेयरों में बिकवाली का दबाव बढ़ा है। इसके बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में नरमी से अगले सप्ताह बाजार में तेजी रहने की उम्मीद है।

बीते सप्ताह मंगलवार को दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ, जिनमें से दो दिन गिरावट और दो दिन तेजी रही। विश्व बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और टेक समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में सोमवार को सेंसेक्स 325.58 अंक का गोता लगाकर 64933.87 अंक और निफ्टी 82 अंक टूटकर 19443.55 अंक रह गया।

महंगाई घटने से दुनिया में ब्याज की ऊंची दरों में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 742.06 अंक की उड़ान भरकर 65675.93 अंक और निफ्टी 231.90 अंक की छलांग लगाकर 19675.45 अंक पर रहा।

विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत गुरुवार को सेंसेक्स 306.55 अंक की तेजी के साथ 65982.48 अंक और निफ्टी 89.75 अंक चढ़कर 19765.20 अंक पर पहुंच गया।

महंगाई आंकड़ों को ध्यान में रख अगले वर्ष तक ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से विश्व बाजार में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सात समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में शुक्रवार को सेंसेक्स 187.75 अंक की गिरावट लेकर 65794.73 अंक और निफ्टी 33.49 अंक उतरकर 19731.80 अंक पर आ गया।

# मनाली में पर्यटन कारोबार ने पकड़ी रफ्तार, 15 हजार वाहन पहुंचे

शिमला। हिमाचल प्रदेश के पर्यटन नगरी रोहतांग दर्रा समेत मनाली के पर्यटन स्थलों में रौनक बढ़ गई है। शाम होते ही मनाली मालरोड भी पर्यटकों से गुलजार होने लगा है। सर्दी की दस्तक और पहाड़ों में बीते दिनों हुई ताजा बर्फबारी के बाद मनाली का पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ने लगा है। पिछले पांच दिनों में मनाली में 15,000 से अधिक पर्यटक पहुंचे हैं।

रोहतांग दर्रा समेत मनाली के पर्यटन स्थलों में रौनक बढ़ गई है। शाम होते ही मनाली मालरोड भी पर्यटकों से गुलजार होने लगा है। शनिवार को 654 पर्यटक वाहन रोहतांग पहुंचे। पांच दिनों में करीब 3,000 पर्यटक वाहनों में हजारों पर्यटक रोहतांग दर्रा पहुंचे और बर्फबारी का आनंद लिया। बर्फबारी



के बाद रोहतांग दर्रा सैलानियों की पहली पसंद बन गया है। यहां गाड़ी से उतरकर पर्यटकों को आसानी से बर्फ देखने को मिल रही है। पर्यटक रोहतांग दर्रे के दीदार कर वापसी में कोकसर होते हुए अटल टनल के भी दीदार कर रहे हैं। पर्यटन कारोबार ने गति पकड़ली थी। मंगलवार को 421, बुधवार को 578, वीरवार को 648 और शुक्रवार को 654, शनिवार को 654 पर्यटक वाहन परमिट लेकर रोहतांग दर्रे में पहुंचे। पर्यटकों की आमद बढ़ने से मनाली के सभी पर्यटन कारोबारियों को राहत मिली है। होटल 30 से 40 प्रतिशत कमरे पैक बताए जा रहे हैं। हालांकि छोटे होटलों की बुकिंग फिलहाल कम ही है।

होटलियर एसोसिएशन के चीफ पेटर्न एवं फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर ने कहा कि मनाली की रौनक बढ़ गई है। बुकिंग भी अच्छी चल रही है। इससे प्रतीत हो रहा है कि इस साल नव वर्ष सीजन भी अच्छा रहेगा।

एसडीएम मनाली रमन शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि रोहतांग जाने वाले पर्यटक वाहनों की संख्या भी बढ़ी है। रोहतांग दर्रे में पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.3 अरब डॉलर पर

मुंबई। स्वर्ण भंडार में कमी आने से 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.3 अरब डॉलर रह गया।

वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 4.7 अरब डॉलर बढ़कर 590.8 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.8 करोड़ डॉलर की बढ़त लेकर 522 अरब डॉलर हो गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 60.8 करोड़



डॉलर की गिरावट के साथ 45.5 अरब डॉलर पर आ गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 3.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.01 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 30 लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.8 अरब डॉलर हो गई।

नई दिल्ली
सोमवार 20 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### सुक्खू ने मॉलरोड पर देखा क्रिकेट मैच

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू रविवार को भारत-ऑस्ट्रेलिया के मध्य आई.सी.सी. क्रिकेट विश्व कप-2023 का फाइनल मैच देखने के लिए मॉल रोड शिमला में नागरिकों के साथ शामिल हुए। नगर निगम शिमला द्वारा लोगों की सुविधा के लिए एक बड़ी एलईडी स्क्रीन स्थापित कर इस मैच के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने पुलिस नियंत्रण कक्ष के पास एक आकर्षक भित्ति चित्र का भी उद्घाटन किया। प्रोफेसर हिम चटर्जी की यह रचना पश्चिम बंगाल के कारीगरों द्वारा तैयार की गई है। इस भित्ति चित्र में राज्य के विभिन्न जिलों की लोक संस्कृति को दर्शाया गया है। नगर निगम शिमला के प्रयासों की सराहना करते हुए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पर्यटन और जल विद्युत उत्पादन राज्य में राजस्व वृद्धि का मुख्य स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राज्य में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने और पर्यटकों की आमद बढ़ाने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जा रहा और इस संबंध में कई ठोस कदम उठाए गए हैं। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक हरीश जनारथा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान, पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### सचिन ने कोहली को अपनी आखिरी वनडे जर्सी दी

अहमदाबाद। भारत ने वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 241 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के पीएम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टीम इंडिया पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 240 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस वर्ल्ड कप में पहली बार टीम इंडिया ऑलआउट हुई है। फाइनल मुकाबले से पहले भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने विराट कोहली को अपनी जर्सी दी। वहीं, ट्रैविस हेड ने शानदार कैच लिया और मैच के दौरान एक फिलिस्तीन समर्थक मैदान में घुस आया। सचिन तेंदुलकर ने वर्ल्ड कप 2023 फाइनल से पहले विराट कोहली को अपनी जर्सी दी, जो उन्होंने अपने आखिरी वनडे में पहनी थी। जर्सी पर सचिन ने साइन किए। जर्सी के साथ ही सचिन ने विराट को एक लेटर भी दिया, जिसमें लिखा- विराट आपने हमें गौरवान्वित किया है। सचिन ने भारत के लिए आखिरी वनडे 18 मार्च 2012 को पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। इस मैच में विराट कोहली ने 183 रन बनाए थे। सचिन अपनी आखिरी पारी में 52 रन बनाकर आउट हो गए थे।

### विश्वकप फाइनल मैच देखने स्टेडियम पहुंचे मोदी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट विश्वकप का फाइनल मैच देखने के लिए रविवार को अहमदाबाद स्थिति विश्व के सबसे बड़े स्टेडियम में पहुंचे। मोदी का अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत तथा मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रविवार को गर्मजोशी से स्वागत किया। विश्वकप का समापन समारोह देखेने पहुंचे ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री तथा रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स का गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर रविवार को गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पहले, मैच के दौरान एक फिलिस्तीन समर्थक ने मैदान में आया गया और भारत के स्टार बल्लेबाज और टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली को गले लगाने की प्रयास किया। यह घटना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में और कार्यक्रम स्थल पर मोदी के पहुंचने से पहले हुई। बाद में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए युवक ने बताया, मैं जॉन हूं...ऑस्ट्रेलिया से। मैं विराट कोहली से मिलने के लिए (मैदान में) घुसा...मैं फिलिस्तीन का समर्थन करता हूं। बाद में युवक को पुलिस थाने ले जाया गया है।

### फाइनल मैच का गवाह बनने अहमदाबाद पहुंचे मार्ल्स



अहमदाबाद। ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री तथा रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स का भारत व ऑस्ट्रेलिया के बीच आयोजित क्रिकेट वर्ल्ड कप का फ़ाइनल मैच देखने के लिए रविवार को अहमदाबाद पहुंचे। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर रविवार को श्री मार्ल्स का ऊष्मापूर्ण स्वागत किया। मार्ल्स अहमदाबाद में आयोजित क्रिकेट वर्ल्ड कप का फ़ाइनल मैच देखने के लिए आज अहमदाबाद पहुंचे। इस अवसर पर ऑस्ट्रेलिया इन इंडिया के मुख्य आयुक्त फिलीप ग्रीन, राज्य के मुख्य सचिव राज कुमार, डीजी (लॉ एण्ड ऑर्डर) शमशेर सिंह, डिफ़ेंस मंत्रालय के एयर वाइस मार्शल एस. श्रीनिवासन, मुख्य प्रोटोकॉल ऑफ़िसर ज्वलंत त्रिवेदी, ज़िला कलेक्टर सुश्री प्रवीणा डी. के आदि वरिष्ठ अधिकारियों ने भी ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

### गाजा पट्टी की घेराबंदी में सीमित ईंधन आपूर्ति की अनुमति देगा इजरायल

गाजा। अमेरिका के दबाव में आने के बाद इजरायल की राज्य सुरक्षा कैबिनेट ने रविवार को गाजा पट्टी में ईंधन के सीमित प्रवेश की अनुमति देने के लिए मतदान किया। इजरायली मीडिया ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार पैनल के अधिकांश सदस्यों ने एक छोटे युद्ध के कैबिनेट द्वारा रखे गए प्रस्ताव का समर्थन किया। इनमें प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री योव गैलेंट और युद्ध कैबिनेट मंत्री बेनी गैंट्ज़ शामिल थे। राष्ट्रीय सुरक्षा, वित्त और परिवहन मंत्रियों ने विरोध में मतदान किया। यह घोषणा छह घंटे से अधिक की तनावपूर्ण बातचीत के बाद आई और श्री नेतन्याहू के मंत्रिमंडल के लिए नीति में बदलाव का संकेत दिया। धुर दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री और उनके रक्षा प्रमुख ने बार-बार कहा कि जब तक फिलिस्तीनी समूह हमास ने इजरायलियों को बंधक बना रखा है, तब तक वे घिरे हुए क्षेत्र में ईंधन को प्रवेश नहीं करने देंगे। गत सात अक्टूबर को हमास के साथ संघर्ष की शुरुआत में इजरायल ने गाजा पट्टी को सभी ईंधन आपूर्ति बंद कर दी।

### इजरायली हमले में कम से कम 126 फिलिस्तीनी मारे गए

गाजा। इजरायल के हवाई हमले में उत्तरी एवं दक्षिणी गाजा में शनिवार को कम से कम 126 लोग मारे गये तथा कई अन्य घायल हो गये। एक फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्र ने शनिवार को कहा कि उत्तरी गाजा पट्टी में विस्थापित लोगों के आवास वाले एक स्कूल पर इजरायल की ओर से बमबारी के बाद कम से कम 100 फिलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। नाम न छापने की शर्त पर सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि जबालिया शरणार्थी शिविर में अल-फखौरा स्कूल पर इजरायली हमले के बाद कम से कम 100 लोगों के शवों को इंडोनेशियाई अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। सूत्र ने कहा कि स्कूल के अंदर से शवों की लगातार बरामदगी और बड़ी संख्या में घायलों की गंभीर हालत के कारण मरने वालों की संख्या काफी बढ़ने की संभावना है। इस बीच, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि जब स्कूल को इजरायली सेना के तीव्र हवाई हमलों और तोपखाने के हमले का निशाना बनाया गया तो सैकड़ों विस्थापित लोग स्कूल में रह रहे थे। इसके अलावा दक्षिण गाजा में खान यूनिस शहर पर शनिवार तड़के इजरायली बमबारी में लगभग 26 फिलिस्तीन नागरिक मारे गए।

# हेड के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने जीता छठी बार विश्वकप का खिताब



अहमदाबाद। ट्रैविस हेड की 137 रनों की शतकीय और मार्नस लाबुशेन अविजित 58 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को आईसीसी विश्वकप के फाइनल मुकबाले में भारत को छह विकेट हराकर छठी बार खिताब पर कब्जा किया।

नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 47 स्कोर पर अपने तीन शीर्ष बल्लेबाज डेविड वॉर्नर सात रन, मिचेल मार्श 15 रन और स्टीव स्मिथ चार को खो दिया। इसके बाद ट्रैविस हेड और मार्नस लाबुशेन संयम के साथ खेलते हुए टीम को विजय के द्वार पहुंचा दिया। हालांकि जीत के दो रन पहले ट्रैविस 120 गेंदों में 137 रनों पर सिराज की गेंद पर गिल को कैच थमा बैठे। इसके बाद 43 ओवर की आखिरी गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल दो रन बनाते हुए स्कोर 241 रन कर टीम को फाइनल मुकाबले में जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया की विश्वकप की यह छठी खिताबी जीत है। वहीं भारत दूसरी बार फाइनल में हारा है।

भारत की ओर से बुमराह ने दो विकेट लिये। वहीं शमी और सिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले केएल राहुल 66 रन, विराट कोहली 54 रनों की अर्धशतकीय पारी और रोहित शर्मा के धुआंधार 47 रनों की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 241 रनों का लक्ष्य दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने आज टॉस जीत कर भारत को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करे रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने टीम को शानदार शुरूआत देने का प्रयास किया लेकिन मिचेल स्टार्क ने पांचवें ओवर में शुभमन गिल सात रन पर आउट कर दिया। रोहित शर्मा के रूप में भारत का दूसरा विकेट गिरा उन्होंने 31 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 47 रन बनाये। उन्हें ग्लेन मैक्सवेल ने आउट किया। अगले ही ओवर में श्रेयस अय्यर चार रन को पैट कमिंस ने विकेट के पीछे कैच आउट करा दिया। सेमीफाइनल और फाइनल में 50 से ज्यादा रन बनाने वाले विराट कोहली पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।फाइनल में विराट ने 56 गेंदों में अर्धशतक बनाया। 29वें ओवर में 148 के स्कोर पर विराट कोहली 63 गेंदों में 54 को पैट कमिंस की गेंद पर बोल्ड आउट हो गये। केएल राहुल ने संयम से खेलते हुए 86 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। 36वें ओवर में 178 रन के स्कोर पर भारत को पांचवां झटका रविंद्र जडेजा नौ रन के रूप में लगा।

42वें ओवर में स्टार्क ने केएल राहुल 66 रन विकेटकीपर इंग्लिस के हाथों कैच आउट कर पवेलियन भेजते हुए भारत को 203 रन के स्कोर पर छठा झटका दिया। शमी छह रन सातवें विकेट रूप में आउट हुए। इसके बाद बुमराह एक रन जैम्पा का शिकार बने। सूर्यकुमार यादव 18 रन को हेजलवुड ने इंग्लिस के हाथों कैच आउट करा दिया। कुलदीप यादव 10 रन मैच की आखिरी गेंद पर दो रन लेने के प्रयास में मार्नस/कमिंस द्वारा रन आउट कर दिये गये। भारतीय टीम के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे ओर पूरी टीम 50 ओवर में 240 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिये। जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। वहीं ग्लेन मैक्सवेल और ऐडम जैम्पा ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया।

## भारतीय रग्बी टीमें पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए नहीं कर सकी क्वालीफाई

ओसाका। एशिया रग्बी क्षेत्रीय क्वालीफायर 2023 में भारतीय रग्बी पुरुष और महिला टीमें अपने-अपने मुकाबलों में मिली हार के कारण पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहीं। जापान के ओसाका में योडोको सकुरा स्टेडियम में आज खेले गये मुकाबले में भारतीय पुरुष रग्बी टीम क्लासिफिकेशन मैच में सिंगापुर पर 12-7 से जीत के साथ सातवें स्थान पर रही। भारतीय महिला रग्बी टीम प्लेट फाइनल में कजाकिस्तान से 39-0 से हार गई। ओसाका से केवल शीर्ष टीम ने पेरिस 2024 ओलंपिक में रग्बी के लिए क्वालीफाई किया, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें 2024 में अंतिम ओलंपिक क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में खेलेंगी। जापानी महिला रग्बी टीम ने फाइनल में चीन को 21-14 से हराकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। हांगकांग ने थाईलैंड को 12-0 से हराकर तीसरा स्थान पर रहा। भारतीय महिला रग्बी टीम चार-टीम पूल ई में तीसरे स्थान पर रही। टीम ने गुआम को 28-21 से हराया, लेकिन चीन ने 62-0 और हांगकांग ने 29-5 से हारकर भारत को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। ग्रुप की शीर्ष दो टीमों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तीसरे स्थान पर रहे भारत ने प्लेट फाइनल में जगह बनाई जबकि गुआम ने कजाकिस्तान के खिलाफ प्लेट सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कजाकिस्तान ने गुआम को बाहर कर दिया और फिर प्लेट फाइनल में भारत को 39-0 से हराया। इस बीच, एशियाई खेलों में भाग नहीं लेने वाली भारत की पुरुष रग्बी टीम को कठिन पूल ए में जापान से 50-0 से, चीन से 41-7 से और दक्षिण कोरिया से 43-0 से हार गया।

# हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप सोमवार से होगी शुरू

नयी दिल्ली। पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2023 (जोन बी) तमिलनाडु के कोविलपट्टी में सोमवार से खेली जायेगी।

हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बताया कि जूनियर वर्ग में भाग लेने वाली 12 टीमें इस प्रकार है- तमिलनाडु हॉकी अकादमी, बरार हॉकी अकादमी (विदर्भ) अमरावती, रिपब्लिकन स्पोर्ट्स क्लब, थिरुमालवलावन हॉकी अकादमी, हुबली हॉकी अकादमी, आर.वी. अकादमी ऑफ हॉकी, ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर, कुड्डालोर हॉकी अकादमी, अश्विनी स्पोर्ट्स अकादमी, सेल हॉकी अकादमी, स्मार्ट हॉकी अकादमी रायपुर, एसडीटी हॉकी नीलगिरी अकादमी।





वहीं सब जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेने वाली आठ टीमें इस प्रकार है- तमिलनाडु हॉकी अकादमी, गंगपुर स्पोर्ट्स अकादमी, लक्ष्मी अम्मल स्पोर्ट्स अकादमी, थिरुमालवलावन हॉकी अकादमी, स्मार्ट हॉकी अकादमी रायपुर, अश्विनी स्पोर्ट्स अकादमी, सेल हॉकी अकादमी, कुड्डालोर हॉकी अकादमी।

उन्होंने बताया कि हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2023 (जोन बी) में भाग लेने वाली टीमों को दो समूहों (ए और बी) में विभाजित किया जाएगा और दोनों श्रेणियां शीर्ष चार-चार टीमें 29 नवंबर को होने वाली चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में खेलेंगी। ग्रुप चरण में, जीतने वाली प्रत्येक टीम को तीन अंक मिलेंगे, जबकि ड्रॉ पर प्रत्येक टीम को एक अंक बांटा जायेगा। निर्धारित समय के अंत में टाई होने की स्थिति में विजेता का फैसला शूट-आउट से होगा।

फाइनल 30 नवंबर को खेला जायेगा। जबकि सेमीफाइनल में हारने वाली टीमें उसी दिन को तीसरे स्थान के लिए मैच खेलेंगी।

# साउथ कोरिया में बैन होगा कुत्ते का मीट

## हर साल 20 लाख कुत्तों को मारा जा रहा; कसाइयों के नुकसान का हर्जाना भरेगी सरकार

साउथ कोरिया में कुत्ते का मीट खाने पर पाबंदी लगने वाली है। रूलिंग पार्टी के पॉलिसी चीफ यू यूई-डोंग ने इसकी घोषणा की। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, साउथ कोरिया में डॉग मीट खाने को लेकर दुनियाभर में लंबे समय से विवाद जारी है। एनिमल राइट्स संगठन भी इसका विरोध करते रहते रहे हैं।

एनिमल वेलफेयर इंस्टिट्यूट के मुताबिक, देश में हर साल 20 लाख कुत्तों को मार दिया जाता है। वहीं हर साल करीब 1 लाख टन डॉग मीट खाया जाता है। यहां अब धीरे-धीरे कुत्ते खाने वाले लोगों की संख्या कम हो रही है। सरकार 2027 तक कुत्ता खाने पर पूरी तरह से बैन लगाने की तैयारी में है। इसके लिए सरकार इसी साल बिल लेकर आएगी।





### रेस्तरां में भी नहीं बिकेगा कुत्ते का मीट

पॉलिसी चीफ ने कहा- इस कानून की वजह से जिन भी किसानों, कसाइयों और दूसरे लोगों को बिजनेस में नुकसान होगा, उनकी सरकार पूरी मदद करेगी। ये मीट बेचने वाले रजिस्टर्ड किसानों, रेस्तरां कर्मचारियों और दूसरे लोगों को मुआवजा दिया जाएगा। इससे पहले भी कई बार साउथ कोरिया में एंटी डॉग मीट बिल लाया जा चुका है। हालांकि, इस बिजनेस में शामिल लोगों की तरफ से विरोध को देखते हुए ये पास नहीं हो पाया। रॉयटर्स के मुताबिक, नए बिल में 3 साल का ग्रेस पीरियड और आर्थिक मदद का प्रावधान जोड़ा जा रहा है।

### साउथ कोरिया की फर्स्ट लेडी ने आवारा कुत्तों को गोद लिया

साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक यिओल की पत्नी और फर्स्ट लेडी किम किओन ही भी लंबे समय से कुत्ते के मीट को खाने का विरोध करती आई हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के साथ मिलकर कई आवार कुत्तों को गोद भी लिया है। दूसरी तरफ एनिमल राइट्स ग्रुप ने इस फैसले का स्वागत किया है। ह्यूमेन सोसाइटी इंटरनेशनल ने कहा- जिन लोगों ने भी इस मुहिम के लिए काम किया उनके लिए ये एक सपना पूरे होने जैसा है। साउथ कोरिया के सरकारी आंकडों के मुताबिक, देश में करीब 1150 कुत्तों के लिए बने फार्म हैं। करीब 1600 रेस्तरां ऐसे हैं, जहां डॉग मीट परोसा जाता है। मीट निकालने के लिए 34 स्लॉटर हाउस हैं और करीब 219 कंपनियां डॉग मीट बेचने का काम करती हैं।

गैलप कोरियाई पोल के मुताबिक, पिछले साल करीब 64 प्रतिशत लोगों ने डॉग मीट खाए जाने का विरोध किया था। 2015 से लेकर 2022 के बीच में इस मीट को खाने वाले लोगों की संख्या में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### 2020 में नागालैंड में डॉग मीट पर बैन लगा था

ह्यूमेन सोसाइटी इंटरनेशनल के मुताबिक, साउथ कोरिया के अलावा चीन, फिलिपीन्स, थाईलैंड, लाओस, वियतनाम, इंडोनेशिया, कंबोडिया सहित भारत के नागालैंड में भी कुत्ते के मीट का व्यापार होता है। 4 जुलाई 2020 को नागालैंड के चीफ सेक्रेटरी ने ऑर्डर जारी कर डॉग मीट के इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था। इसके अलावा, डॉग मार्केट, डॉग मीट की बिक्री और रेस्तरां में इसे रखने पर प्रतिबंध लगाया गया था। वहीं कई देशों में घोड़े, गाय, गधे और बिल्ली का मीट खाने को लेकर भी विरोध होता रहता है।

# फ्रांस में प्रेसिडेंट मैक्रों का साथी सांसद गिरफ्तार

## घर बुलाकर महिला सांसद के ड्रिंक्स में ड्रग मिलाया, रेप की नीयत से अपराध किया

एजेंसी

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों की सहयोगी पार्टी के सांसद पर आरोप है कि उसने एक महिला सांसद को घर बुलाया।

इसके बाद उसके ड्रिंक्स में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। आरोपी महिला सांसद के साथ रेप करना चाहता था।

आरोपी सांसद का नाम जोएल गुरेउ (66) है। विक्टिम महिला सांसद का नाम सैंड्रीन जोसो (48) है। गुरेउ को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों से पुलिस ने पूछताछ की है। सोमवार को संसद की स्पेशल कमेटी भी इस मामले की सुनवाई करेगी।



### पहले मामले पर एक नजर

घटना पिछले हफ्ते की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- जोएल ने महिला सांसद सैंड्रीन को अपने घर डिनर के लिए बुलाया।

'फ्रांस 24' के मुताबिक- सैंड्रीन ने गुरेउ से किसी रेस्टोरेंट में डिनर के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने अपने घर पर ही डिनर करने पर जोर दिया।

सैंड्रीन जब जोएल के घर पहुंचीं तो उन्हें इस पुरुष सांसद ने शैम्पेन ऑफर की। आरोप है कि इस ड्रिंक में एक ड्रग मिलाया गया था। इसे पीने के बाद महिला सांसद की तबीयत खराब हो गई। इसके बाद वो घर लौट गईं। सैंड्रीन के वकील का आरोप है कि गुरेउ इस महिला सांसद से रेप करना चाहते थे। सैंड्रीन ने 17 नवंबर को मामले की शिकायत दर्ज कराई। गुरेउ को गिरफ्तार किया गया। उनके संसद में आने पर रोक लगा दी गई।

### पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई में चार आतंकवादी मारे गए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सेना ने शनिवार रात देश के उत्तर पश्चिम कबायली जिले उत्तरी वजीरिस्तान में एक सैन्य अभियान में चार आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने यह जानकारी दी है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने शनिवार को एक खुफिया-आधारित अभियान चलाया। अभियान के दौरान खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में उत्तरी वजीरिस्तान के खैसूर इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई।

### जबालिया शरणार्थी शिविर हमले

गाजा। इजरायल ने उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले किए हैं जिसमें कई फिलिस्तीनी मारे गए हैं और अन्य घायल हुए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। हमास-नियंत्रित मंत्रालय ने कहा कि दोनों प्रांतों के बीच जारी संघर्ष में 570 लोग मारे गए और 2,900 अन्य घायल हो गए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने धमकी दी, हमास को अब और भयानक परिणामों से गुजरना पड़ेगा। यह तो सिर्फ शुरुआत है। इससे पहले, नेतन्याहू ने गाजा के नागरिकों को हमास के सभी स्थलों से दूर चले जाने की चेतावनी दी थी, जिसे उन्होंने मलबे में बदलने की कसम खाई थी। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि इजरायल लंबे समय से अवरुद्ध इलाके पर पूर्ण घेराबंदी करेगा। संयुक्त राष्ट्र की मानवीय एजेंसी ओसीएचए ने कहा, संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि लड़ाई शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में 1.23 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। 73 हजार से अधिक लोग स्कूलों में शरण लिए हुए हैं, जिनमें से कुछ को आपातकालीन आश्रय स्थल नामित किया गया है। उल्लेखनीय है की हमास की तरफ से इजरायल पर अचानक किए गए हवाई हमले में सैकड़ो लोग मारे गए और कई इमारतें नष्ट हो गईं।

### गाजा से संघर्ष के दौरान मारे गए इजरायली सैनिकों की संख्या 378 पहुंची

येरूसलम। हमास और इजरायल के बीच जारी संघर्ष में मारे गए इजरायली सैनिकों की संख्या 378 तक पहुंच गई है। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता आरडीएमएल डेनियल हगारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने एक ब्रीफिंग में कहा, आज तक, हमने 378 शहीद आईडीएफ सैनिकों के परिवारों को सूचित किया है जो इज़रायल की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। हम इन कठिन समय के दौरान परिवारों को गले लगाते हैं। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को, हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ अचानक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और पानी, भोजन तथा ईंधन की आपूर्ति में कटौती करते हुए गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। 27 अक्टूबर को, इजरायल ने हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ गाजा पट्टी के अंदर बड़े पैमाने पर जमीनी घुसपैठ शुरू की। इस संघर्ष के दौरान इजरायल में लगभग 1,200 और गाजा पट्टी में 12,000 से अधिक लोग मारे गए हैं।

### इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 13,500 की मौत

गाजा/यरुशलेम/वाशिंगटन। इजरायल और फिलीस्तीनी समूह हमास के बीच संघर्ष में अब तक 13,500 लोग मारे जा चुके हैं। हमास की ओर से सात अक्टूबर को इजरायल पर किये गये हमले से लेकर अब तक जहां केवल 1200 इजरायली मारे गये वहीं इजरायल के हमले में अब तक करीब 12,300 फिलीस्तीनी मारे जा चुके हैं। यानी कुल मिलाकर अब तक लगभग 13,500 लोग मारे जा चुके हैं। इसी प्रकार हमास ने अब तक 242 लोगों को बंधक बनाने का दावा किया है जिनमें से चार बंधकों को रिहा करने की बात कही है। लेकिन इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता आरडीएमएल डेनियल हगारी ने कहा है कि एक बंधक को बचाया गया जबकि एक अन्य की मौत हो गयी। अन्य के शव पाये गये। इजरायल ने उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले किए हैं जिसमें कई फिलिस्तीनी मारे गए हैं और अन्य घायल हुए हैं। हमास-नियंत्रित मंत्रालय ने रविवार को कहा कि दोनों प्रांतों के बीच जारी संघर्ष में 570 लोग मारे गए और 2,900 अन्य घायल हो गए। हमास और इजरायल के बीच जारी संघर्ष में मारे गए इजरायली सैनिकों की संख्या 378 तक पहुंच गई है। आईडीएफ के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने एक ब्रीफिंग में कहा,आज तक, हमने 378 शहीद आईडीएफ सैनिकों के परिवारों को सूचित किया है जो इज़रायल की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। हम इन कठिन समय के दौरान परिवारों को गले लगाते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# अयोध्या "इतिहास के सबसे बड़े परिवर्तन" के लिए तैयार

लखनऊ/ अयोध्या 19 नवम्बर (पी एम ए) अयोध्या, प्रभु श्री राम की जन्म भूमि आज देश के सबसे बड़े रेनोवेशन से गुजर रही है। 2024 तक, उत्तर प्रदेश का मंदिर शहर अयोध्या प्राचीन शहर के इतिहास में सबसे बड़ा परिवर्तन का गवाह बन सकता है, क्योंकि राम मंदिर के चल रहे निर्माण के अलावा, 30,923 करोड़ रुपये की 200 से अधिक विकासात्मक परियोजनाएं शुरू हो रही हैं।

अयोध्या के जिला मजिस्ट्रेट, नीतीश कुमार ने सौंदर्यीकरण परियोजनाओं की एक श्रृंखला पर चर्चा की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह अयोध्या को 2024 तक दुनिया का सबसे सुंदर शहर बना देगा वर्तमान में, अयोध्या में 30,923 करोड़ रुपये की 200 से अधिक विकास परियोजनाएं प्रगति पर हैं। कुमार ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं कि अयोध्या को दुनिया का सबसे खूबसूरत शहर बनाने का लक्ष्य रखने वाली सभी चल रही परियोजनाएं 2024 तक पूरी हो जाएं।

कुमार ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का विकास सबसे महत्वपूर्ण था। हवाई अड्डे का काम लगभग पूरा हो चुका है। परियोजना के तहत, हमने लगभग 821 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया। रनवे का निर्माण, सीएटी-1 और आरईएसए सुविधाओं की स्थापना, जो रात में लैंडिंग या अत्यधिक मौसम की स्थिति में लैंडिंग की सुविधा प्रदान करती है, का काम किया जाता है। एटीसी टावर का निर्माण भी पूरा हो चुका है।

कुमार ने आगे कहा कि भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण (एएआई) उड़ान संचालन के लिए अंतिम मंजूरी देने से पहले इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस), लोकलाइजर ग्लाइड पाथ आदि सहित कई कारकों की जांच करेगा। टर्मिनल भवन में कुछ अंतिम



स्पर्श और शेष कार्य को छोड़कर, जिसके 22 जनवरी, 2024 को भगवान राम की मूर्ति के अभिषेक समारोह के समय तक पूरा होने की उम्मीद है, बाकी काम पूरा हो चुका है।% उन्होंने बताया कि शुरुआत में 60 यात्रियों की बैठने की क्षमता वाले छोटे विमान हवाई अड्डे पर उतरेंगे, लेकिन 2025 तक, जब हवाई अड्डे का अंतिम चरण पूरा हो जाएगा, तो यह बोइंग हवाई जहाजों के लिए तैयार हो जाएगा।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा, अयोध्या जंक्शन का कायाकल्प, जिसे लगभग 620 करोड़ रुपये की कुल लागत पर किया गया सबसे बड़ा बदलाव कहा जाता है, अयोध्या के विकास के लिए एक और महत्वपूर्ण परियोजना थी।परियोजना के तहत, जो न केवल जंक्शन के विस्तार को सुनिश्चित करता है बल्कि इसके सौंदर्यीकरण और यात्री सुविधाओं की शुरूआत को भी सुनिश्चित करता है, यात्री टर्मिनल भवन के बाहरी हिस्से को राम मंदिर के समान रूप दिया गया था।

2019 में जंक्शन के विस्तार कार्य में तेजी आई। हालाँकि, एक विशाल कार्य होने के कारण, पूरे प्रोजेक्ट को दो चरणों में विभाजित किया गया था। पहले चरण में एक नई स्टेशन इमारत का निर्माण शामिल था। चरण एक के तहत, 140 मीटर × 32.6 मीटर की एक तीन मंजिला इमारत का निर्माण किया गया है, जो 3,645 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली हुई है, जिसमें ड्रॉप-ऑफ क्षेत्र प्रदान करने और यात्रियों की सुरक्षा के लिए 140 मीटर × 12 मीटर का एक अतिरिक्त फ्रंट पोर्च है।

इसके अलावा अन्य विकास कार्यों में दो छह मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी), आवासीय आवास परिसर, प्लेटफार्म नंबर 1, 2 और 3 का नया रूप और सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण, लाउंज का निर्माण शामिल है। शयनगृह और टिकट कार्यालय का काम पूरा हो गया है, डीएम ने कहा।उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे का निर्माण और रेलवे जंक्शन का विस्तार दोनों बहुत महत्वपूर्ण थे, क्योंकि राम मंदिर के जनता के लिए खुलने के बाद पर्यटकों और भक्तों की भीड़ बढ़ने की उम्मीद है।

राम मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर अब खचाखच भरी गलियां, उपनगर और ट्रैफिक जाम बाधा नहीं बनेंगे। परियोजना के तहत, जिसके लिए यूपी सरकार ने लगभग 797 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की है, राम मंदिर तक जाने वाली सड़कों के चौड़ीकरण की भी परिकल्पना की गई है। निर्माण और विस्तार कार्य के लिए तीन रास्तों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसमें 2 किलोमीटर लंबा राम जन्मभूमि पथ शामिल है जो सुग्रीव क़िला को राम मंदिर से जोड़ता है।

दूसरा भक्ति पथ है, जो 850 मीटर का मार्ग है जो श्रृंगार हाट को राम जन्मभूमि से जोड़ता है। और तीसरा है राम पथ गलियारा, सहादतगंज से नया घाट तक 13 किलोमीटर लंबा।

## शार्ट न्यूज

### लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में यातायात माह-नवम्बर 2023 के तहत यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों / स्वामियों का एम0वी0एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुऐ 204 वाहनों का ई-चालान कर 187500/- रूपये का ऑनलाइन जुर्माना किया गया। दिनांक 19-11-2023 को यातायात माह नवम्बर - 2023 के तहत पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी यातायात कमलेश नारायण पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ हेल्मेट, सीट बेल्ट के बारे में शहर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, स्थानों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर आम- जनमानस को यातायात स्लोगन से छपे पम्पलेट, स्टीकर वितरित कर जागरूक किया गया तथा शहर क्षेत्र में प्रमुख स्थानों पर अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों / स्वामियों का एम0वी0एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुऐ जुर्माना किया गया।

### छेड़खानी करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



ललितपुर। थाना महरौनी पुलिस द्वारा नाबालिक से छेड़खानी के अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी इमरान अहमद के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों व वांछित/वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु.अ.सं.-264/2023 धारा- 323/504/506/354क भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट का अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना महरौनी के नेतृत्व में टीम के द्वारा क्षेत्र मे कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम व वांछित अभियुक्त की तलाशी के दौरान उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र सूरज सिंह उर्फ सूरत लोधी उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम भैरा छपरियन थाना महरौनी जिला ललितपुर को मुखबिर खास की सूचना पर समय 10.25 बजे बानपुर रोड स्थित कचहरी के सामने खोखे के पास कस्बा व थाना महरौनी जिला ललितपुर से गिरफ्तार किया गया ।

### दो महिलाओ सहित तीन गिरफ्तार

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के मक्खनपुर क्षेत्र में रविवार को एक झगड़े को लेकर एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष पर हमला बोलकर पथराव और फायरिंग की गई । सीओ सदर ने रविवार को थाना मक्खनपुर क्षेत्र के गांव जेवडा में हुई पथराव और फायरिंग की घटना के संबंध में बताया गया है कि गांव में दो पक्ष में हुए झगड़े के संबंध में शनिवार को एक मुकदमा दर्ज किया गया था 7 मुकदमे की जानकारी मिलने पर प्रतिवादी पक्ष ने आज दूसरे पक्ष पर हमला बोलकर पथराव और फायरिंग की गई। जिसकी वजह से गांव में अफरा तफरी मच गई जानकारी मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पथराव और फायरिंग की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है । हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। गिरफ्तार कविता पत्नी देवेंद्र सिंह, सुनीता पत्नी पूरन सिंह तथा रोहित पुत्र राजाराम मौके पर गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से दो तमंचे खाली कारतूस और जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। वैधानिक कार्रवाई के बाद सभी को जेल भेजा गया।अन्य हमलावरों की तलाश के लिए पुलिस की तीन टीम गठित कर दी है।

### सरकार को पूरा भरोसा, सिल्कयारा सुरंग में फंसे मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया जाएगा

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड में उत्तरकाशी के सिल्कयारा सुरंग में फंसे मजदूरों के परिजनों को रविवार को भरोसा दिलाया खान में फंसे व्यक्तियों के बहुमूल्य जीवन को बचाने के काम में सफलता अवश्य मिलेगी। सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन ने एक वीडियो संदेश में सुरंग की स्थिति और मजदूरों को बढ़ाने से लेकर उन्हें भोजन पानी पहुंचाने तक के लिए किया जा रहे प्रयासों की अद्यतन जानकारी देते हुए कहा इस काम में समय लग सकता है पर काम अवश्य होगा। उन्होंने रेखाचित्र के जरिए स्थिति को समझाते हुए कहा कि 4.8 किलोमीटर लंबी सुरंग में ढाई किलोमीटर का एक हिस्सा पूरी तरह से बन चुका है और मजबूत है जहां बिजली और पानी की भी व्यवस्था है मजदूर इसी हिस्से में फंसे हैं उन्हें चार इंच के पाइप से चना मुरमुरा आदि खाने पीने की चीजों के साथ विटामिन की गोलियां आदि भी पहुंचाई जा रही हैं वहां उनका खाना पहुंचाने के लिए आरवीएनएल छह इंच का एक और सुरंग बनाने के काम पर लग गया है।

### तीर्थ यात्रा से दीर्घजीवियों को मिला सुकून

#### सेवा संस्था ने दर्द-मंदों एवं ज़ईफ़ों को कराया खाटू श्याम - सालासर धाम के दर्शन

**कपिल शर्मा। गौरवशाली भारत**



नाँगल चौधरी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य एवं सोसाइटी फॉर एजुकेशन एंड वेलफेयर एक्टिविटीज द्वारा शनिवार को वरिष्ठ नागरिक सेवा केंद्र में पंजीकृत वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा के लिए राजस्थान स्थित खाटू श्याम और सालासर धाम मंदिर दर्शन एवं धार्मिक स्थल भ्रमण के लिए ले जाया गया। इस दौरान वृद्ध महिला एवं पुरुष समेत करीब 20 वृद्धजनों की सफल तीर्थ यात्रा में उनके साथ सेवा संस्था संचालक जगदेव शर्मा, भारत विकास परिषद नाँगल चौधरी शाखा अध्यक्ष रविंद्र चौधरी एवं अन्य स्वजन यात्रा के लिए रवाना हुए।

### गडकरी ने की टनल में फंसे मजदूरों को सुरक्षित निकालने के कार्यों की समीक्षा

सिलक्यारा/उत्तरकाशी। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी ने रविवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद की सिलक्यारा सुरंग का स्थलीय निरीक्षण कर सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने के चलाए जा रहे रेस्क्यू अभियान की समीक्षा की। गडकरी ने इस दौरान कहा कि देश व दुनिया में उपलब्ध श्रेष्ठतम विशेषज्ञों का लाभ उठाकर सुरंग में फंसे लोगों को निकालने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने रेस्क्यू अभियान में जुटे संगठनों और अधिकारियों को अधिकतम तैयारी और आवश्यक संसाधनों का समय रहते मुकम्मल इंतजाम करने की हिदायत देते हुए कहा कि रेस्क्यू के हर विकल्प पर उच्च क्षमता व तत्परता के साथ काम किया जाय।

# इग्नू ने मनाया 38वां स्थापना दिवस

## विनय कुमार सक्सेना, माननीय उपराज्यपाल, दिल्ली इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने अपना 38वां स्थापना दिवस मैदान गढ़ी स्थित मुख्यालय में एक प्रभावशाली समारोह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर गरिमापूर्ण पुष्पांजलि के साथ हुई।, इग्नू के कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव के नेतृत्व में, प्रमुख विश्वविद्यालय अधिकारियों, समकुलपतियों, स्कूल निदेशकों, संकाय सदस्यों और संपूर्ण इग्नू बिरादरी के साथ पुष्पांजलि अर्पित की ।



विनय कुमार सक्सेना, माननीय उपराज्यपाल, दिल्ली, मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित हुए और स्थापना दिवस व्याख्यान दिया। एक परिचयात्मक वक्तव्य में, प्रो-वीसी इग्नू ने विनय कुमार सक्सेना की सम्मानित उपस्थिति के लिए गहरा आभार व्यक्त किया, और स्थापना दिवस समारोह में ऐसे प्रतिष्ठित दिग्गजों के भाग लेने के सम्मान पर प्रकाश डाला।

अपने स्थापना दिवस संबोधन के दौरान, माननीय श्री विनय कुमार सक्सेना ने समावेशी शिक्षा और दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञान और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में इग्नू की सराहना की। उन्होंने समानता और पहुंच की प्रतिबद्धता के साथ लचीली, शिक्षार्थी-केंद्रित, लागत प्रभावी और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में विश्वविद्यालय की भूमिका पर जोर दिया। माननीय लेफ्टिनेंट गवर्नर सक्सेना ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लिखित समावेशिता के सिद्धांतों को मूर्त रूप देने के लिए इग्नू की प्रशंसा की, इसे पीपुल्स यूनिवर्सिटी कहा। उन्होंने उच्च शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाने और कुशल और सक्षम कार्यबल का पोषण करके दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भारत की आकांक्षा में योगदान देने में इग्नू की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने इसकी परिवर्तनकारी प्रकृति और वैश्विक एजेंडा, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य-2030 के साथ इसके संरेखण पर जोर दिया। सक्सेना ने नवीन दृष्टिकोणों के माध्यम से शैक्षिक चुनौतियों का समाधान करने की इग्नू की क्षमता को रेखांकित किया और विश्वविद्यालय से वैश्विक मानकों को प्राप्त करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स और वर्चुअल रियलिटी जैसे उभरते क्षेत्रों का लाभ उठाने का आग्रह किया।

अपने संबोधन में, माननीय उपराज्यपाल ने शिक्षा के प्रति समग्र दृष्टिकोण की वकालत की, छात्रों के कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और व्यापक छात्र विकास के लिए पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों पर संतुलित ध्यान केंद्रित किया।

इग्नू के वीसी प्रोफेसर नागेश्वर राव ने विश्वविद्यालय की यात्रा में इस महत्वपूर्ण दिन पर उपस्थिति के लिए मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भारतीय पारंपरिक ज्ञान को कवर करने के लिए व्यावसायिक घटकों को एकीकृत करने और क्षेत्रीय भाषाओं में विस्तार करने वाले नए कार्यक्रम शुरू करके राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रति इग्नू की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। स्थापना दिवस समारोह उत्कृष्टता के प्रति इग्नू के समर्पण और भारत में शिक्षा के भविष्य को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका का एक प्रमाण था।

# जानलेवा हमला व फायर करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** तालबेहट, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ललितपुर श्री अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों व वांछित/वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 416/23 धारा 307/504 भादवि के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त अश्वनी सिंह उर्फ बडेराजा पुत्र राजपाल सिंह उर्फ राजू बुन्देला उम्र 27 वर्ष नि0 ग्राम वनगुवांकला थाना तालबेहट जिला ललितपुर व राजपाल सिंह उर्फ राजू बुन्देला पुत्र स्व0 नारायन सिंह उम्र 57 वर्ष नि0 ग्राम बनगुवांकला थाना तालबेहट जनपद ललितपुर को गिरफ्तार किया गया ।

घटना का संक्षिप्त विवरण- 19.03.23 को थाना तालबेहट पर वादी नीरज रैकवार स/0 गनपत निवासी बनगुवां कला थाना तालबेहट सूचना दी की दिनांक 18.11.23 की रात्रि में विपक्षी अश्वनी सिंह उर्फ बडेराजा पुत्र राजपाल सिंह उर्फ राजू बुन्देला नि0 वनगुवांकला द्वारा वादी नीरज रैकवार उपरोक्त के ऊपर पिस्टल से जान से मारने की नियत से फायर करने व गाली गलौज के सम्बन्ध में तहरीरी सूचना दी गयी ।

# श्रद्धालुओं ने दी डूबते सूर्य को अर्घ्य




**गाजीपुर से संवाददाता सुनील कुमार की रिपोर्ट**

**गाजीपुर।** लोक आस्था के महापर्व का आज श्रद्धालुओं ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इसको लेकर क्षेत्र के शेरपुर ,सेमरा,बीरपुर, पलिया,फिरोजपुर के घाटों पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य दिया गया। द्धालुओं ने अपने परिजनों के साथ घाटों पर पहुंचकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। रविवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पर्व का समापन होगा। इसको लेकर प्रशासन काफी अलर्ट नजर आ रहा है। अन्य शहरों में लोगों ने विभिन्न घाटों पर पहुंचकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। इस पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मौके पर सभी छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिला। छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। छठ पर्व पर शाम होते ही व्रती घुटने भर पानी में खड़ा होकर डूबते भगवान भास्कर को प्रथम अर्घ्य दिया।छठ मईया के गीत गूंजते रहे। छठ व्रत रखने वाली महिलाएं विविध प्रकार के पकवान बनाए गए। इसे एक बड़े पात्र में रखा गया। सुबह से ही निर्जल रहकर स्नानादि और श्रृंगार कर महिलाएं परिवार के लोगों के साथ छठ घाटों पर पहुंची। दीप प्रज्वलित कर छठ मईया की पूजा की गई। इसके बाद एक दीप गंगा मईया और एक दीप भगवान भास्कर को अर्पित किया गया। यह सब करने के बाद महिलाएं नदी, तालाब और पोखरों में कमर भर पानी में जाकर खड़ी हो गईं। भगवान भास्कर के डूबने पर उन्हें अर्घ्य दिया गया। इसके बाद व्रती महिलाएं परिवार के सदस्यों के साथ घर लौट आईं। सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही यह व्रत पूरा हो जाएगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सायंकाल में सूर्य अपनी पत्नी प्रत्यूषा के साथ रहते हैं। इसलिए छठ पूजा में शाम के समय सूर्य की अंतिम किरण प्रत्यूषा को अर्घ्य देकर उनकी उपासना की जाती है।

# मनोज तिवारी ने अपने छठ भजनों और पूर्वांचली गीतों से छठ भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया

**वीरेन्द्र सचदेवा, रामवीर सिंह बिधूड़ी, मनोज तिवारी, हर्ष वर्धन, रमेश बिधूड़ी, गौतम गंभीर, दिनेश प्रताप, नीरज तिवारी, विधायक, पार्षद एवं अन्य नेता छठ घाटों पर गए और छठ भक्तों का अभिवादन किया**





नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा पार्टी पदाधिकारियों दिनेश प्रताप सिंह और नीरज तिवारी आदि के साथ आज आईटीओ, मंडावली, सीबीडी ग्राउंड, शेख सराय आदि सहित कई छठ घाटों पर छठ पूजा में शामिल हुए। पार्टी के सांसद, विधायक, पार्षद एवं वरिष्ठ पदाधिकारी भी अपने अपने क्षेत्रों की छठ पूजाओं में सम्मलित हुऐ।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी बदरपुर, मीठापुर, मोलादबंद, जैतपुर आदि कई स्थानों पर छठ पूजा में शामिल हुए।

सांसद मनोज तिवारी सोनिया विहार, घोंडा, झड़ौदा और बुराड़ी के दर्जनों घाटों पर छठ पूजा में शामिल हुए। उन्होंने अपने छठ भजनों और पूर्वांचली गीतों से छठ भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सांसद रमेश बिधूड़ी ने गोविंदपुरी, तुहम्गलकाबाद, हरकेश नगर एवं अन्य घाटों पर छठ व्रतियों का अभिनंदन किया।

डॉ. हर्ष वर्धन ने अपने संसदीय क्षेत्र में यमुना बाजार, पीतमपुरा, वजीरपुर, मॉडल टाउन समेत कई जगहों पर छठ व्रतियों से मुलाकात कर शुभकामनाऐ दी। सांसद गौतम गंभीर ने आई.टी.ओ. से सरिता विहार तक अनेक स्थानों पर छठ घाटों में जा कर लोगों का अभिवादन किया। दिल्ली भाजपा महामंत्री श्रीमती कमलजीत सहरावत पोचनपुर, राणा एन्क्लेव और द्वारका में छठ पूजा में शामिल हुईं, जबकि अन्य महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा गीता कॉलोनी में और श्री योगेन्द्र चांदोलिया होलंबीकलां में शामिल हुए।

दिल्ली भाजपा उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह और पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष श्री नीरज तिवारी ने परिवार और दोस्तों के साथ लक्ष्मी नगर और सरोजिनी नगर के घाटों पर विशेष पूजा की।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि छठ प्रकृति पूजा का पर्व है।

छठ में भक्त डूबते और उगते दोनों समय भगवान सूर्य से प्रार्थना एवं उनकी पूजा करते हैं जो एक सामाजिक संदेश देता है कि हमें दोस्तों की सफलता और कठिन समय दोनों में उनके साथ खड़ा रहना चाहिए।

सचदेवा ने कहा कि भाजपा सरकार ने 1994 में पूर्वांचली परंपरा के अनुसार यमुना तट पर छठ घाटों की स्थापना शुरू की थी, लेकिन यह खेदजनक है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान अरविंद केजरीवाल सरकार ने उन्हें उनकी पारंपरिक पूजा पद्धति से वंचित कर दिया है और उन्हें कृत्रिम घाटों पर पूजा करने के लिए मजबूर किया है। यह दुखद है कि इस वर्ष केजरीवाल सरकार ने पर्याप्त संख्या में कृत्रिम घाटों का निर्माण भी नहीं किया और न ही घाटों पर उचित सुविधाएं प्रदान कीं।

# मुहम्मदाबाद फाटक के पास गोली चलाने वाला आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

गाजीपुर। गाजीपुर के मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के यूसुफपुर बाजार स्थित फाटक के पास शनिवार की शाम को गोली चलाने वाला एक आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता हाथ लगी। गिरफ्तार बदमाश आमिर खान उर्फ भोलू पुत्र याकूब खान निवासी वार्ड नंबर 8 शेखटोला मुहम्मदाबाद का रहने वाला है। आरोपी ने बताया कि मजरूब द्वारा उसकी बहन से शादी कर लिए जाने से वह बहुत ही नाखुश था। क्योंकि पूरा मामला दो बिरादरी से जुड़ा हुआ था। आरोपी पूरा घटनाक्रम से नाराज होकर मजरूब को रास्ते से हटाने को ठान लिया था।



प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदाबाद ने बताया कि आरोपी के ऊपर आईपीसी की धारा 307 व आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी द्वारा गोली चलाने से दो युवकों को गोली लगी जिसमें एक अंजू उर्फ अंजुमन और दूसरा शाहिद था। इस पूरी घटना से इलाके के लोग दहल गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का दौरा किया?। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और उन्होंने बताया कि आरोपियों के ऊपर कठोर कार्रवाई किया जाएगा। मुखबीर खास की सूचना पर चौकी इंचार्ज शाहनिंदा देवेंद्र साहू की टीम ने आरोपी को आदिलाबाद चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों की माने तो गोली से घायल अंजू उर्फ अंजुमन भी काफी सरहंग किस्म का है। नाम न छापने की शर्त पर एक कोचिंग संचालक अध्यापक ने बताया कि पिछले वर्ष उनसे भी अंजू अपने समूह के लड़कों के साथ आया था और कोचिंग में पढ़ने वाले कुछ लड़कों से झगड़ा भी किया था। अंजू उर्फ अंजुमन कुरैशी काफी चूहेड़ किस्म का लड़का था अक्सर वह चौराहों पर पर दिख जाता था। गिरफ्तार आरोपी की बहन की फोटो भी अपने साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया था। अंजुमन की रवैया से आमिर का पूरा परिवार परेशान हो गया था। आपको बताते चले कि आरोपी के पिता याकूब खान कॉफी रईस किस्म के लोगों में गिनती होती है वही अंजुमन कुरैशी एक घुमंतू किस्म लड़का था।

# झांसी में धूमधाम से मनायी गयी महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती

**झांसी।** देश और दुनिया में अपने अदम्य साहस और वीरता के बल पर शौर्य की अमिट गाथा लिखने वाली महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती आज उनकी कर्मभूमि झांसी में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी । इस अवसर पर सरकारी और गैर सरकारी संगठनों तथा आमजन ने विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया और बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जनपद वासियों को वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जन्म दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शौर्य और वीरता झलकता है महारानी लक्ष्मी बाई के नाम में, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की डोरी थी जिनके हाथ में, महारानी लक्ष्मी बाई को सादर नमन। यहां स्थित बुंदेलखंड महाविद्यालय में सुबह से ही रानी लक्ष्मीबाई के संघर्ष को दिखाते कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और इसके बाद तिरंगा यात्रा निकाली। एनजीओ स्किल्ड इंडिया ने इस अवसर पर रानीलक्ष्मी बाई के अदम्य साहस को नमन करते हुए परिसर में विभिन्न क्षेत्रों में उच्चतम काम करने वाली वीरांगनाओं को समर्पित एक प्रदर्शनी का आयोजन किया।